▪ फाल्गुन कृष्णा - 9 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 219 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 04-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




5 जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी आदित्यनाथ

6 फनीश्वर नाथ रेणु : आंचलिक उपन्यास के सफल रचनाकार

7 जीवन की महत्वपूर्ण पारी की शुरूआत कर रही हैं अभिनेत्री वरलक्ष्मी






## फर्स्ट टेक

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण ग्रिंडाविक को खाली कराने का आदेश

**रेक्जाविक/एजेन्सी।** आइसलैंड के दक्षिण में रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर ज्वालामुखी विस्फोट के खतरे के कारण अधिकारियों ने ग्रिंडाविक शहर के निवासियों को क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया है। आरयूवी ब्रॉडकास्टर ने रविवार को आइसलैंडिक मौसम विज्ञान कार्यालय का हवाला देते हुए बताया कि क्षेत्र में तीव्र भूकंपीय गतिविधि के कारण माउंट सिलिंगारफेल से करीब एक किलोमीटर (0.6 मील) पूर्व में एक मैग्मा प्रवाह दिखाई दिया। जिसके कारण, यहाँ के निवासियों को क्षेत्र को खाली करने का आदेश दिया गया।

### यमन के हुती विद्रोहियों के हमले के बाद पोत लाल सागर में डूबा

**दुबई/एपी।** यमन के हुती विद्रोहियों ने जिस पोत को निशाना बनाते हुए हमला किया था वह लाल सागर में डूब गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोत रूबीमर में उर्वरक की खेप और पूर्व में लीक हुआ ईंधन था तथा इसके डूबने से लाल सागर में पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंच सकती है। हुती विद्रोही एशिया और पश्चिम एशिया से यूरोप जाने वाले पोतों को लगातार निशाना बनाते हुए हमले कर रहे हैं जिससे कारोबार की दृष्टि से अहम इस मार्ग पर पहले ही परिवहन बाधित है। बहुत से पोत अब इस मार्ग से जाने से बच रहे हैं।

### डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा भारत

**दुबई/भाषा।** दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया। रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है।

| 04-03-2024 | 05-03-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:29 बजे | सूर्योदय 6:33 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,806.15 | 22,378.40 |
| (+1,305.85) | (+395.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,459 रु. | 72,245 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सूची चिंतन

सूची के जारी होते ही,
दल का जाग्रत कोना-कोना।
जिनके नामों पर मुहर लगी,
मानो मिल गया उन्हें सोना।
कुछ का कद बढ़ा अचानक तो,
कुछ का हो गया आज बौना।
खुशियों के ढोल बजे कुछ के,
मच गया कहीं रोना-धोना।

# प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत को विकसित बनाने में योगदान का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र पाने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी और उनसे आम लोगों की समस्याओं को हल करने में मदद करने तथा अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए काम करने का आह्वान किया।

राज्य की राजधानी गांधीनगर में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित 1,990 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नवनियुक्त उम्मीदवारों को अपने बधाई संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उनके लिए सरकारी सेवा में शामिल होने और देश की सेवा करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। उन्होंने कहा, आने वाले 25 साल हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा कि नवनियुक्त उम्मीदवारों की प्राथमिकता लोगों की समस्याएं दूर करने की होनी चाहिए।

मोदी ने कहा, आपका दृढ़ संकल्प और देशहित में लिए गए फैसले देश के विकास को मजबूत करेंगे और यह जिम्मेदारी आपके लिए नए अवसर और चुनौतियां भी लाएगी।

## मंत्रिपरिषद की बैठक में हुआ विकसित भारत के विज़न पर मंथन

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिपत्र और अगले पांच वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री निवास पर आयोजित इस बैठक में लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर भी विचार विमर्श हुआ।


सरकारी सूत्रों ने कहा कि मंत्रिपरिषद की बैठक में मई में नई सरकार के गठन के बाद त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदमों के लिए सौ दिवसीय एजेंडे पर भी काम शुरू करने की योजना बनाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार ने विकसित भारत का रोडमैप दो साल से अधिक की गहन तैयारी करके बनाया है। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श और युवाओं को उनके विचार, सुझाव और इनपुट प्राप्त करने के लिए संगठित करने के लिए एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण शामिल था। सूत्रों ने कहा कि रोडमैप बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर 2700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित किए गए।

### पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री के रूप में

# शहबाज शरीफ आज शपथ लेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/भाषा।** शहबाज शरीफ सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी सोमवार अपराह्न तीन बजे राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान शहबाज को पद की शपथ दिलाएंगे।



सूत्रों ने बताया कि समारोह में सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़, सभी प्रांतों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल शामिल होंगे।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ विपक्ष की नारेबाजी के बीच नवनिर्वाचित संसद में आसानी से बहुमत हासिल करने के बाद रविवार को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुने गए। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले, जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक हैं।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले।

नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार एयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

## विमोचन




केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हज सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन के लॉन्च और हज गाइड 2024 के विमोचन के अवसर पर।

# 'अगले पांच साल में विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेगा भारत'

- वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।
- भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा।

वैष्णव ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं।



सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है।

अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है।

भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

वैष्णव ने कहा कि उनका दृढ़ मत है कि आज प्रत्येक बड़ा सेमीकंडक्टर खिलाड़ी अपनी निवेश योजना पर नए सिरे से विचार करना चाहता है और भारत आना चाहता है। ''इसकी वजह सावधानी से तैयार की गई नीतियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता पर आगे बढ़ेगा। इस क्षेत्र में देश के पास पहले से ही अंतर्निहित और साबित क्षमता है।

# इजराइल के युद्धकालीन मंत्रिमंडल में खींचतान, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मंत्री को लगाई फटकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेल अवीव/एपी।** इजराइल के एक शीर्ष कैबिनेट मंत्री के अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए रविवार को वाशिंगटन रवाना होने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें फटकार लगाई। एक इजराइली अधिकारी ने यह जानकारी दी। हमास के साथ युद्ध के लगभग पांच महीने बाद इजराइल की युद्धकालीन सरकार में यह बढ़ती खींचतान के संकेत है ।



नेतन्याहू के मध्यमार्गी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गेंट्ज पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के बाद युद्ध के शुरुआती दिनों में नेतन्याहू की सरकार में शामिल हुए थे।

उनकी अमेरिकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच गाजा में फलस्तीनी लोगों की पीड़ा को कम करने के तरीके पर गहरी असहमति है। मिस्र में गाजा संघर्ष विराम के लिए बातचीत चल रही थी, लेकिन इजराइली सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा क्योंकि नेतन्याहू को दो सवालों पर हमास से जवाब नहीं मिला है। इजराइली मीडिया के अनुसार, जीवित बंधकों और हमास द्वारा प्रत्येक बंधक के बदले में मांगे जाने वाले फलस्तीनी कैदियों की संख्या की एक सूची है।

# शुल्क लगा तो ज्यादातर उपयोगकर्ता बंद कर देंगे यूपीआई का इस्तेमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सर्वेक्षण**

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकप्रिय मोबाइल भुगतान प्रणाली एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर अगर लेनदेन शुल्क लगाया गया, तो ज्यादातर उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। लोकलसर्किल के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में लोगों ने यह दावा किया कि उन्होंने पिछले एक साल में एक या अधिक बार अपने यूपीआई भुगतान पर लेनदेन शुल्क लगाए जाने का अनुभव किया है।

लोकलसर्किल ने रविवार को कहा कि सर्वेक्षण में 364 से अधिक जिलों के 34,000 से अधिक लोगों ने अपनी राय दी। इनमें 67 प्रतिशत पुरुष और 33 प्रतिशत महिलाएं थीं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त 2022 में एक चर्चा पत्र जारी किया, जिसमें विभिन्न राशि के आधार पर यूपीआई भुगतान पर एक संरचना शुल्क लगाने का प्रस्ताव था। हालांकि, बाद में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि सिर्फ 23 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क देने के लिए तैयार हैं। सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोगों ने संकेत दिया कि यदि लेनदेन शुल्क लागू किया जाता है तो वे यूपीआई का उपयोग बंद कर देंगे।

सर्वेक्षण से पता चला कि करीब 50 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता हर महीने 10 से अधिक लेनदेन करते हैं।

# काल के प्रवाह में कई संस्कृतियां, सभ्यताएं समाप्त हो गई, लेकिन सनातन संस्कृति अक्षुण्ण : मोहन यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कहा कि काल के प्रवाह में कई संस्कृतियां, सभ्यताएं समाप्त हो गईं, कई आक्रांता आए और चले गए, लेकिन सनातन संस्कृति अक्षुण्ण है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के यहां राज्य मुख्यालय में पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन के बाद अपने संबोधन में यादव ने कहा, ''लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति पर देश की शिक्षा व्यवस्था चल रही थी जो राष्ट्राभिमान, संस्कृति व संस्कारों से विमुख थी।''



प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए यादव ने कहा कि ''आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नौनिहालों को भारतीय संस्कारों, अतीत के गौरव, राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा संस्कारों से युक्त विश्व प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार शिक्षा नीति से वैभवशाली राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता को साकार रूप मिला है।''

भाजपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, ''भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन प्रेरणा देता है। अत्याचार, अहंकार और दम्भ के प्रतीक कंस का वध और इन्द्र के हठ को तोड़ने का नाम श्रीकृष्ण है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य के लिए संघर्ष करना सिखाता है।'' उन्होंने पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी की सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा, ''आज अयोध्या में प्रभु श्री राम विराजमान है, श्रीकृष्ण हमारे समाज के आराध्य हैं और मथुरा के लिए जिन्हें काम करना चाहिए था, जिनकी जवाबदेही थी, लेकिन उन्होंने ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया, यह सब समाज के सामने है।'' उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी जाति या समाज के किसी भी व्यक्ति को योग्यता और क्षमता के आधार पर अवसर मिलना चाहिए। इसी के लिए देश को आजाद कराने वाले क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया।

# प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

छह मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।



प्रधानमंत्री सात मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड) में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे।

मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद वह असम के जोरहाट में अहोम सम्राज्य के महान सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मोदी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

मोदी 11 मार्च को दिल्ली में 'नमो ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन शाम को वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे और फिर 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।



## महायुति ने प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करने का संकल्प लिया है : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि महायुति गठबंधन ने भारत को शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के समर्थन के लिए राज्य में लोकसभा की 45 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। शिंदे ने अपने बेटे श्रीकांत शिंदे के लोकसभा क्षेत्र कल्याण में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार की उपलब्धियों और डबल इंजन सरकार के लाभों पर प्रकाश डाला। शिंदे ने कहा, महाराष्ट्र (48 में से महायुति के) 45 सांसद चुनकर देश को शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत जल्द ही पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और आने वाले वर्षों में यह दुनिया का विकास इंजन बनने के लिए तैयार है।

महायुति गठबंधन में भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं।

## समुद्री निगरानी में ड्रोन को तैनात किए जाने की संभावना : अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सुरक्षा एजेंसियां समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मुंबई और गोवा के तटीय क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी प्रणाली लगाने की योजना पर काम कर रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुवैत के तीन नागरिकों के 'गेटवे ऑफ इंडिया' पहुंचने की एक हालिया घटना के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना वर्तमान तटीय सुरक्षा व्यवस्था में कमजोरियों को रेखांकित करती है।

अपने नियोक्ता पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए वे तीनों- नीत्सो दिट्टो (31), विजय विनय एंथनी (29) और जे एस अनीश (29)-एक नौका से भारतीय समुद्री क्षेत्र में घुसे थे। अधिकारियों के समक्ष उनके आत्मसमर्पण करने के बाद, उन्हें पासपोर्ट (भारत में प्रवेश करने के) नियमों का उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह चिंता जताई कि ये लोग स्थानीय आबादी में आसानी से घुल-मिल सकते थे। अधिकारियों ने कहा कि उनके 'ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) के फोरेंसिक विश्लेषण में कई त्रुटियां पाई गईं। उन तीनों ने दावा किया कि उन्होंने बैटरी बचाने के लिए जीपीएस उपकरण को बंद किया था। अधिकारियों का मानना है कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा इनका दुरुपयोग किया जा सकता है और उन्होंने देश की समुद्री सीमाओं पर निगरानी बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन का उपयोग किए जाने की हिमायत की है। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमलों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने तटीय निगरानी उपाय बढ़ाने की तात्कालिकता को रेखांकित किया। सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि महाराष्ट्र की 652.6 किलोमीटर लंबी तटरेखा और गोवा की 101.0 किमी लंबी तटरेखा पर निगरानी के लिए लंबी दूरी के ड्रोन की तैनाती जरूरी है।

## पिछले एक दशक में पान, तंबाकू, नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा: सरकारी सर्वेक्षण

**नई दिल्ली/भाषा।** पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है।

आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 2011-12 के 3.49 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.30 प्रतिशत रह गया।

## विपक्षी दलों को खत्म करने की राजनीति चल नहीं पाएगी : ठाकरे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा कि अन्य राजनीतिक दलों को कमजोर करने की उसकी नीति चल नहीं पाएगी।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है, जिसमें धन शोधन के आरोपों का सामना कर चुके कृपाशंकर सिंह का नाम भी शामिल है। इसपर आपत्ति जताते हुए शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सूची में नितिन गडकरी जैसे वरिष्ठ नेताओं का नाम नहीं होने पर आश्चर्य जताया। पार्टी ने महाराष्ट्र की 48 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा ने सिंह को उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। सिंह कांग्रेस की मुंबई इकाई के प्रमुख और गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार द्वारा निरस्त किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस के रुख से असहमति जताने के बाद 2019 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। बाद में 2021 में वह भाजपा में शामिल हो गए थे।

सिंह ने ठाकरे की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं ऐसे व्यक्ति की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लेता, जिसकी अपनी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है और जो मुख्यमंत्री के रूप में अपने ढाई साल के कार्यकाल में ढाई दिन के लिए भी कार्यालय नहीं पहुंचे हों।

ठाकरे ने सीधे तौर पर भाजपा या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बगैर कहा, विपक्षी दलों को खत्म करने की राजनीति चल नहीं पाएगी... 'जुमला' का नाम बदलकर 'गारंटी' कर दिया जाना चाहिए।

## भारत टेक्स एक्सपो का आयोजन हर साल होगा: एईपीसी चेयरमैन

**नई दिल्ली/भाषा।** विशाल कपड़ा प्रदर्शनी 'भारत टेक्स' का आयोजन देश में अब हर साल किया जाएगा।

पिछले सप्ताह संपन्न हुए पहले आयोजन में 111 देशों के 3,500 से अधिक प्रदर्शकों और 3,000 खरीदारों की भागीदारी रही। परिधान निर्यात संवर्द्धन परिषद (एईपीसी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

एईपीसी ने कहा कि एक्सपो के दौरान अनुसंधान, नवोन्मेषण, उद्यमिता, नए उत्पाद विकास, कौशल और स्थिरता में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने वाले अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ 63 समझौतों की घोषणा की गई।

एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने बयान में कहा, भारत टेक्स एक्सपो एक वार्षिक आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग टिकाऊ उत्पादन व्यवहार पर काम कर रहा है क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## आईआईटी अनुसंधानकर्ताओं ने पानी के अंदर निगरानी के लिए 'मरीन रोबोट' विकसित किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी और पलक्कड़ के अनुसंधानकर्ताओं ने एक 'मरीन रोबोट' विकसित किया है, जो पानी के अंदर चलाए जाने वाले अभियान के लिए रखरखाव लागत और मृत्यु की आशंका को घटा सकता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के नौसेना अनुसंधान बोर्ड (एनआरबी) द्वारा आंशिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान को दो पत्रिकाओं- 'जर्नल ऑफ इंटेलिजेंट एंड रोबोटिक सिस्टम्स' और 'ओशन इंजीनियरिंग' में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि अत्याधुनिक रोबोट को पानी के अंदर सावधानीपूर्वक निगरानी और निरीक्षण के लिए विकसित किया गया है, जिससे दक्षता बढ़ने के साथ ही जोखिम न्यूनतम होने तथा लागत में बचत होने की उम्मीद है। पृथ्वी की सतह लगभग 71 प्रतिशत पानी से ढकी हुई है, महासागरों में पृथ्वी का लगभग 96.5 प्रतिशत पानी है, जहां समुद्र तल और जलमग्न पारिस्थितिकी तंत्र का केवल एक छोटा प्रतिशत ही मनुष्य को ज्ञात है।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मी एवं नक्सली की मौत

**कांकेर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार को मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल और एक नक्सली की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर क्षेत्र) सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सल रोधी अभियान के तहत संयुक्त बलों के एक दल की कार्रवाई के दौरान छोटेबेठिया थाने के तहत हिदुर गांव के पास एक जंगल में मुठभेड़ हुई। अधिकारी ने बताया कि हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष जानकारी मिलने के आधार पर अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स के कर्मी, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला बल के जवान इस अभियान में शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि गश्ती दल जंगल की घेराबंदी कर रहा था कि तभी नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सुंदरराज ने कहा, मुठभेड़ में बस्तर फाइटर्स के कांस्टेबल रमेश कुरेठी की मौत हो गई। घटनास्थल से एक नक्सली का शव मिला है और एक एके-47 राइफल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी है। अधिकारी ने कहा कि कुरेठी कांकेर जिले के पखांजूर इलाके के संगम गांव के निवासी थे।

## छत्तीसगढ़ में तेंदुओं की संख्या में गिरावट को लेकर वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** एक नई रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में तेंदुओं की संख्या में गिरावट होने की जानकारी सामने आने के बाद वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त की है और बेहतर वन्यजीव प्रबंधन की अपील की है।

रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में तेंदुओं की संख्या 2018 में 852 से घटकर 2022 में 722 होने की बात सामने आई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 29 फरवरी को जारी एक रिपोर्ट में तेंदुओं की संख्या और अधिवास में गिरावट के प्रमुख कारणों में से एक अवैध शिकार है।

तेंदुओं की संख्या में गिरावट पर चिंता जताते हुए वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने अवैध शिकार को रोकने, लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने और बेहतर वन्यजीव प्रबंधन के उपाय करने का आह्वान किया है। यह रिपोर्ट राज्य वन विभागों के सहयोग से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा किए गए तेंदुए की आबादी के आकलन पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है, छत्तीसगढ़ में 2022 में तेंदुओं की अनुमानित संख्या 722 है, जबकि 2018 में यह संख्या 852 थी, जिससे गिरावट का पता चलता है। इसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में 55,717 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र है, जो राज्य के कुल क्षेत्रफल का 41.21 प्रतिशत है।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान-तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य स्थित है, जो मध्य प्रदेश के जंगलों के माध्यम से अचानकमार बाघ अभयारण्य से जुड़ा हुआ है।

## टाटा समूह सत्यनिष्ठा, नवाचार, सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध रहेगा : चन्द्रशेखरन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जमशेदपुर/भाषा।** टाटा संस के चेयरमैन एन चन्द्रशेखरन ने रविवार को कहा कि समूह अपने संस्थापक जमशेदजी टाटा की विरासत को कायम रखेगा और सत्यनिष्ठा, नवाचार तथा सामाजिक जिम्मेदारी के सिद्धान्तों के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

उन्होंने झारखंड के जमशेदपुर में जमशेदजी टाटा की 185वीं जयंती के अवसर पर एक सभा में यह बात कही। उनके साथ टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन भी थे। चंद्रशेखरन ने कहा, हमारे संस्थापक जमशेदजी टाटा ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी, जहां उद्योग सकारात्मक बदलाव के लिए एक ताकत होगा। यह बहुत गर्व की बात है कि हम उनकी विरासत को कायम रख रहे हैं।

इस अवसर पर, हम सत्यनिष्ठा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के सिद्धांतों के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। इन सिद्धान्तों ने हमारी स्थापना के बाद से हमारा मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा, जमशेदपुर और इसके निवासियों के लिए एक उज्ज्वल, अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए हम लोगों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने टाटा स्टील के जमशेदपुर वर्क्स के स्टीलेनियम हॉल में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी। इसमें विभिन्न विभागों ने अपनी प्रौद्योगिकी आधारित पहल के बारे में जानकारी दी।

## विजयन ने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस के साथ सहयोग का किया आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोच्चि/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को राज्य के निवासी संघों (रेजिडेंट्स एसोसिएशन) से समाज को एक सुरक्षित स्थान बनाने में पुलिस के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। नव केरल सदास के तहत राज्य भर के निवासी संघों के प्रतिनिधियों की एक सभा को संबोधित करते हुए विजयन ने कहा कि ऐसे संघ कई सामाजिक मुद्दों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

विजयन ने कहा, रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की स्थापना के साथ, निवासी संघ अब कानूनी विनियमन के अधीन हैं। प्राधिकरण का अधिनियम निवासी कल्याण संघों के गठन को अनिवार्य करता है। यदि यह व्यवस्था व्यापक हो जाती है, तो इसमें कई सामाजिक मुद्दों का समाधान करने की क्षमता है। निवासी संघ बच्चों को अपराध की ओर बढ़ने से रोकने, बच्चों को नशीले पदार्थों की लत लगने से रोकने, नशीले पदार्थ की लत से निपटने, युवाओं को नशीले पदार्थ के वाहक बनने से रोकने और लड़कियों को दुर्व्यवहार से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ सहयोग का आह्वान करते हुए, विजयन ने निवासी संघों से नैतिक पुलिसिंग में शामिल न होने और पुलिस का कर्तव्य संभालने को कहा। निवासी संघ राज्य सरकार की विभिन्न पर्यटन पहलों में भाग ले सकते हैं। विजयन ने कहा, हमने स्थानीय पर्यटन केंद्रों को जोड़ने वाला पर्यटन परिपथ शुरू किया है। निवासी संघ ऐसी पहल में भाग ले सकते हैं जो हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री विजयन ने निवासी संघों से युवतियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया।

## हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में हिमस्खलन से चेनाब का प्रवाह बाधित

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के एक गांव में रविवार तड़के हिमस्खलन हुआ, जिससे चेनाब का प्रवाह बाधित हो गया और आसपास के इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, पिछले दो दिनों में हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण छह से ज्यादा बार हिमस्खलन और भूस्खलन हुए हैं, जिससे पांच राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 500 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी हिमस्खलन में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि लाहौल-स्पीति में जसरत गांव के पास दारा झरने पर हिमस्खलन के बाद चिनाब नदी का प्रवाह बाधित हो गया, जबकि जिले में पिछले 24 घंटों में भारी बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक चौधरी ने कहा कि जोबरंग, रापी, जसरत, तरंद और थरोट के आसपास के गांवों के निवासियों को सतर्क रहने और आपात स्थिति में निकटतम पुलिस चौकी को सूचित करने की सलाह दी गई है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

## कांग्रेस छोड़ने वाले दलबदलू नेता 'वॉशिंग मशीन' के लाभार्थी हैं : जयराम रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ग्वालियर/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को उन नेताओं पर निशाना साधने के लिए ''वॉशिंग मशीन'' की उपमा दी जो कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले दलबदलू नेता 'वॉशिंग मशीन' के लाभार्थी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'(इंडिया) में शामिल दल 'वॉशिंग मशीन' उपमा का उपयोग अक्सर यह बताने के लिए करते हैं कि जिन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले लंबित हैं वे भाजपा में शामिल होने के बाद 'बेदाग' हो जाते हैं।

रमेश ने कहा कि राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पिछले 50 दिनों के दौरान किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों को ध्यान में रखते हुए पांच ''न्याय गारंटी'' की बात की है।

कांग्रेस नेता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जिन लोगों को वॉशिंग मशीन की जरूरत है, वे छोड़कर वहां जा रहे हैं (भाजपा में शामिल हो रहे हैं)। आप उन कांग्रेस नेताओं को गिनें, जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है, चाहे वह असम के मुख्यमंत्री (हिमंत विश्व शर्मा) हों...सभी इस वॉशिंग मशीन के लाभार्थी हैं।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने से जुड़े सवाल पर रमेश ने कहा, सभी को विभिन्न आकार की वॉशिंग मशीन की जरूरत होती है। कुछ को छोटी, कुछ को मध्यम आकार की वॉशिंग मशीन की जरूरत होती है, जबकि अन्य को टैंक के आकार की वॉशिंग मशीन की जरूरत होती है। भाजपा ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव में सिंधिया को उनके गृह क्षेत्र गुना से उम्मीदवार बनाने की घोषणा की।

रमेश ने कहा कि राहुल गांधी ने आज सुबह ग्वालियर में अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से बातचीत की।

कांग्रेस महासचिव ने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पिछले 50 दिनों के दौरान, राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के लिए पांच 'न्याय' और (शासन में लोगों की) भागीदारी के बारे में बात की। उन्होंने दावा किया, हर एक दशक में होने वाली जनगणना की कवायद 2021 में शुरू की जानी थी, लेकिन जनगणना नहीं की गई। 2011 की जनगणना के जाति-संबंधी आंकड़ों की घोषणा अभी तक केंद्र की मोदी सरकार ने नहीं की है।

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि सत्ता, संपत्ति और जमीन के लालची ही कांग्रेस का साथ छोड़ रहे हैं। सिंधिया पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, केवल वे लोग ही पार्टी छोड़ रहे हैं जो सत्ता, धन और जमीन के लालची हैं। केवल वही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं जो विचारधारा की राजनीति में विश्वास नहीं करते बल्कि सत्ता पाने के लिए राजनीति करते हैं। कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह और कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी प्रेसवार्ता में मौजूद थे।



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को चिकमंगलूर में योजना लाभार्थी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए।

# विस्फोट मामले को जरूरत पड़ने पर एनआईए को सौंपने पर विचार करेंगे : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रुकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं। घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्दरामैया ने कहा, ''हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे।'' भाजपा के इस आरोप पर कि ''ब्रांड बेंगलूरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, सिद्दरामैया ने कहा, ''जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए? जब मंगलूरु में प्रेशर कुकर विस्फोट हुआ, तब कौन शासन कर रहा था? मल्लेश्वरम में भाजपा कार्यालय के सामने धमाका हुआ था। तब किसका शासन था? एनआईए, आईबी (खुफिया ब्यूरो) का प्रभारी कौन है? यह उनकी विफलता नहीं है?''



उन्होंने स्पष्ट किया, ''मैं बम विस्फोट का समर्थन नहीं कर रहा हूं। मैं इसकी निंदा कर रहा हूं लेकिन भाजपा को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि बम विस्फोटों को सरकारों ने हमेशा गंभीरता से लिया है और लोगों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

# राजनीतिक लाभ के लिए राज्य की गरिमा को बर्बाद कर रही है भाजपा : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रविवार को सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए राज्य की गरिमा को बर्बाद कर रही है। जब उनसे बम विस्फोट के मुद्दे पर बीजेपी नेताओं के राजनीतिक बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा; 'बम ब्लास्ट मामले की जांच में पुलिस अधिकारियों को पूरी आजादी दी गई है। वे अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। जांच कर रहे हैं। मैं इस मामले पर कोई बयान नहीं दूंगा। सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और सभी आयामों से इसकी जांच कर रही है। हम बेंगलूरु के सम्मान की रक्षा के लिए कुछ भी करेंगे।' इस बीच बीजेपी नेता इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने को तैयार हैं। इसके लिए वे कर्नाटक राज्य और बेंगलूरु की साख को खतरे में डाल रहे हैं।'



उन्होंने कहा कि भाजपा वाले भूल गये हैं कि उनके समय में क्या हुआ था। उन्हें आईने में अपना चेहरा देखना चाहिए। मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता। इस समय देश की एकता, अखंडता और शांति के प्रति सचेत रहना चाहिए।'

भाजपा द्वारा ब्रांड बेंगलूरु के बॉम्ब बेंगलूरु कहने पर उन्होंने कहा कि 'उन्हें जरा भी जानकारी नहीं है। जिन लोगों को समय का पता नहीं है, वह बिना जिम्मेदारी के इस तरह की बात करते हैं।'

## परमेश्वर ने कैफे विस्फोट पर कहा

# पुलिस व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता समेत विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि शहर के एक रेस्तरां में हुए विस्फोट के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता, आसन्न चुनाव और राज्य में स्थायी सरकार होने के कारण बेंगलूरु आने वाले निवेशकों में आतंक पैदा करने जैसे पहलुओं पर भी जांच कर रही है। शुक्रवार को पूर्वी बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ। टोपी, मास्क और चश्मा पहने आया एक व्यक्ति इस मामले में मुख्य संदिग्ध है और अभी तक उसका सुराग नहीं मिला है।

गृह मंत्री ने बताया कि मामले को हल करने के लिए आठ दल काम कर रहे हैं और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राष्ट्रीय सुरक्षा समूह (एनएसजी) और आसूचना ब्यूरो (आईबी) इन दलों की मदद कर रहे हैं। परमेश्वर ने बताया कि इस पहलू से भी जांच की जा रही है कि क्या यह विस्फोट आसन्न चुनाव के मद्देनजर बेंगलूरु को आतंकित करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा, ''चुनाव नजदीक आ रहे हैं। क्या कोई संगठन इसके पीछे है या बेंगलूरु को असुरक्षित दिखाने के लिए लोगों को आतंकित करने के वास्ते कुछ अन्य उद्देश्य हैं...।''

मंत्री ने कहा, ''चूंकि एक स्थायी सरकार होने के कारण कई निवेशक यहां आ रहे हैं तो यह निवेशकों को बेंगलूरु आने से रोकने या कुछ अन्य अज्ञात वजहों के कारण किया गया हो सकता है।'' परमेश्वर ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वी ईर्ष्या के कारण ऐसा करा सकते हैं।



इस पहलू पर भी गौर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामेश्वरम कैफे की 11 इकाई हैं और मालिक इसकी 12वीं इकाई स्थापित करने की योजना बना रहे थे जिसके लिए अग्रिम राशि का भुगतान भी कर दिया गया था। उन्होंने कहा, ''हम इस मामले को हल कर लेंगे। हम इसे छोड़ेंगे नहीं। चाहे यह मामला कितना भी मुश्किल हो, लेकिन हमारा विभाग इसका पर्दाफाश करेगा।''

गृह मंत्री ने लोगों से केवल उनके, पुलिस और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा जारी बयानों पर भरोसा करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

मंगलूरु में 19 नवंबर 2022 को एक प्रेशर कुकर विस्फोट के संबंध में पूछे प्रश्न पर परमेश्वर ने कहा कि वहां वैसे ही विस्फोटक और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल किया गया जैसा कि मंगलुरु में किया गया था लेकिन इसकी तुलना का मतलब यह नहीं है कि वही गिरोह रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के पीछे है। उन्होंने कहा, जिस तरीके से बैटरी और टाइमर का इस्तेमाल किया गया, उससे समानता लगती है। हमें इसे (जांच) आगे ले जाना होगा। हम नहीं जानते कि उसी संगठन ने यह किया है या उन्हीं लोगों ने यह किया है। मंत्री ने यह भी कहा कि यह कम तीव्रता का विस्फोट था क्योंकि इसमें इस्तेमाल विस्फोटक कम तीव्रता वाले थे और बल्कि विस्फोटकों की मात्रा भी कम हो सकती है। अगर विस्फोटकों की मात्रा अधिक होती तो विस्फोट की तीव्रता भी ज्यादा होती।

## दो बूंद खुराक की



रविवार को होसपेट के कमलापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत बच्चे को दो बून्द खुराक की देते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया। इस मौके पर विधायक गवियप्पा भी उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की शुरुआत की

बेंगलूर/दक्षिण भारत। रविवार को यहां कोदंडरामपुरम् के प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र परिसर में स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडूराव ने बच्चों को पल्स पोलियो की 2 बूंदें पिलाकर बृहद् बेंगलूरु महानगर निगम के तहत पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के विशेष आयुक्त सुरोलकर विकास किशोर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) निदेशक डॉ. डॉ. नवीन भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी मदनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





# संकल्प पत्र के लिए राज्य से न्यूनतम 3 लाख लोगों से जनमत संग्रह करेंगे : विजयेन्द्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र के लिए राज्य में कम से कम 3 लाख लोगों से सुझाव लेने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कहा कि पूरे देश से लगभग 1 करोड़ लोगों के सुझावों के साथ संकल्प पत्र का निर्माण होगा। जिसमें राज्य से लगभग 3 लाख लोग अपना अपना अभियान देंगे जिसे केन्द्र को भेजा जाएगा।

यहां रविवार को मल्लेशवरम् स्थित राज्य कार्यालय जगन्नाथ भवन में संकल्प पत्र के लिए जनमत संग्रह अभियान का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन अभिप्राय संग्रह बॉक्स रखा जाएगा। राज्य के विकास के लिए सभी मतदाता अपने अपने विचार लिखकर बॉक्स में डाल सकते हैं। साथ ही फोन नं. 909090 2024 पर मिस्ड कॉल देकर इस अभियान से जुड़ सकते है।

विजयेन्द्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उल्टी गिनती शुरु हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषणा पत्र के बजाय संकल्प पत्र के जरिए चुनाव लड़ने की बात कही है। भाजपा की केंद्र सरकार ने 2014 और 2019 के चुनावों के दौरान किए गए लगभग सभी वादे पूरे कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि मोदी जी के 10 साल के कार्यकाल में न केवल वादे पूरे किये गये, बल्कि शिलान्यास के साथ ही परियोजना समय पर पूरी भी की गयी।

जनसंघ के समय से घोषणा पत्र में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने की बात कही थी, जिसके कारण श्यामप्रसाद मुखर्जी को शहादत मिली, वह मोदी ने कर दिखाया। उन्होंने अयोध्या में बाल राम का भव्य मंदिर का स्वप्न भी पूरा किया। घोषणा पत्र में जो भी बात कही थी वह सभी को पूरा किया। इस बार संकल्प पत्र के रूप में अपनी बात रखी जाएगी। वर्ष 2047 में स्वतंत्रता दिवस की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर मोदीजी ने संकल्प रखा कि हमारा भारत विकसित भारत होगा। इसे साकार करने के लिए जनमत सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि हम किसानों, महिलाओं और युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों से समर्थन जुटाने जा रहे हैं। कर्नाटक में यह अभियान 3 से 15 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों के लक्ष्य विकसित भारत-यही है मोदी गारंटी विषय पर पूरे राज्य में वीडियो वैन और सुझाव पेटी के माध्यम से राज्य की जनता का आशीर्वाद लेने का निर्णय लिया गया है।

विपक्षी दल के नेता आर.अशोक ने कहा कि भारत विश्व विजेता बने यही सबकी चाहत है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक के संकल्प को रिकार्ड करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क पर फेरी लगाने वाले, पुलिस कांस्टेबल, इंजीनियर और खिलाड़ी सहित सभी को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका मिलता है। मोदी की गारंटी असली है। लोग यह भी जानते हैं कि अन्य पार्टियां की गारंटी पानी के बुलबुले की तरह हैं। सबका साथ, सबका विकास की असली गारंटी मोदीजी ने दी है। उन्होंने कहा कि पक्षपात की राजनीति बीजेपी की नहीं है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में भाग लेने और अपनी राय देने का अनुरोध किया।

अभियान की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक श्रीमती मालविका अविनाश ने कहा कि संकल्प पत्र को डिजिटल मीडिया या नमो ऐप के माध्यम से पंजीकृत करने का विकल्प है। इसका उपयोग कर सकते हैं। समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र, मशहूर क्रिकेटर वेंकटेशप्रसाद, साहित्यकार आईएएस अधिकारी और अभियान सह संयोजक सीआर सोमशेखर, प्रदेश संगठन महासचिव राजेश जी.वी. अन्य लोग उपस्थित थे।



# मैसूर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारतीय ज्ञान विरासत पर राज्यपाल गहलोत ने दिया जोर

## पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा सहित चार लोगों को मानद उपाधि से सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने रविवार को आयोजित मैसूर विश्वविद्यालय के 104वें दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन के दौरान प्राचीन वैदिक काल से लेकर आज तक फैले भारतीय ज्ञान की समृद्ध विरासत की प्रशंसा की। राज्यपाल गहलोत ने वैश्विक स्तर पर उनके महत्व को रेखांकित करते हुए, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, चिकित्सा और उससे आगे जैसे विविध क्षेत्रों में भारतीयों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। 'वसुदेवम कुटुंबकम' के दर्शन और 'सर्वे भवन्तु सुखिनो, सर्वे संतु निरामया' की भावना में निहित भारत के गहन शैक्षिक और सांस्कृतिक लोकाचार पर विचार करते हुए, उन्होंने आधुनिक ज्ञान को कालातीत मूल्यों के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर राजनीति विज्ञान और नैतिकता तक विषयों को शामिल करने वाली समग्र शिक्षा के लिए प्रसिद्ध तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों जैसे संस्थानों की शानदार विरासत पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल गहलोत ने सीखने के वैश्विक केंद्र के रूप में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट और चाणक्य जैसे महान भारतीय विद्वानों की सराहना की, जिनके अग्रणी योगदान ने उन्हें विश्वगुरु की उपाधि दिलाई।

राज्यपाल गहलोत ने कहा कि मैसूरु, जो अपनी समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, दक्षिण भारत में शिक्षा के प्रतीक के रूप में खड़ा है। उन्होंने 27 जुलाई, 1916 को स्थापित भारत के छठे सबसे पुराने विश्वविद्यालय, मैसूर विश्वविद्यालय को ज्ञान और सत्य के प्रति अटूट समर्पण के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की, जैसा कि इसके आदर्श वाक्य ना ही ज्ञानने सदृशम और सत्यमेवोद्ध राम्याहम में वर्णित है।

राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा सहित प्रोफेसर डॉ. भाष्यम स्वामीजी, एम.आर. सीताराम, और विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान की। जिनकी अनुकरणीय उपलब्धियाँ सभी के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एम.सी. सुधाकर सहित जयदेव इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक सी एन मंजूनाथ और कुलपति एन.के. लोकनाथ आदि उपस्थित थे।

# 'जब तक कांग्रेस सत्ता में है तब तक गारंटी योजनाएं जारी रहेंगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमंगलूर। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को दोहराया कि जब तक राज्य में कांग्रेस सरकार सत्ता में है, सभी गारंटी योजनाएं जारी रहेंगी। जिले में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी गरीबी के खिलाफ लड़ती है, गरीबों के खिलाफ नहीं। जब तक कांग्रेस सत्ता में है, गारंटी योजनाओं को कोई नहीं हटा सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेता मानते हैं कि गारंटी योजनाएं लोगों के लिए वरदान हैं। कारकला विधायक और पूर्व भाजपा मंत्री ने गारंटी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह लोगों के जीवन को बेहतर बना रही है। जबकि अरागा ज्ञानेंद्र जैसे कुछ अन्य विधायकों ने इस योजना की आलोचना की है।

कर्नाटक के लोग गारंटी योजनाओं में विश्वास करते हैं। यदि विपक्षी दलों में साहस है, तो वे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से गारंटी योजना का लाभ छोड़ने का आह्वान करें। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि हम देखेंगे कि उनकी अपनी पार्टी के कितने लोग लाभ छोड़ते हैं। भद्रा सिंचाई परियोजना के तहत, चिकमंगलूर और कदुर तालुकों के लिए 1.5 टीएमसी पानी निर्धारित किया गया है। 1,281 करोड़ रुपये की लागत से 244 टैंकों से पानी की आपूर्ति की जाएगी। कार्य प्रगति पर है. 812 करोड़ रुपये की लागत से तारिकेरे तालुक में 49,000 एकड़ में पानी उपलब्ध कराने का काम पूरा होने वाला है। सिद्दरामैया सरकार हमेशा किसानों के लिए है। केंद्र ने कहा कि वह अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपये देगा लेकिन उसने एक रुपया भी जारी नहीं किया है।' भाजपा-जेडीएस गठबंधन को हमारे विधायकों को खरीदने की कोशिशों के बावजूद राज्यसभा चुनाव में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र का कहना है कि उन्होंने किसी भी कांग्रेस विधायक को फोन नहीं किया है, लेकिन हमारे नेता श्यामनूर शिवशंकरप्पा ने कहा कि कुमारस्वामी और येडीयुरप्पा दोनों ने उन्हें फोन किया है। मेरे पास उन विधायकों की एक लंबी सूची है जिन्हें उन्होंने फोन किया और मैं इसे आने वाले दिनों में जारी करूंगा। आप सभी ने भावनाओं की राजनीति के बजाय आजीविका की राजनीति के लिए मतदान किया है।



चिकमंगलूरु में रविवार को विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं कार्यो के शिलान्यास के मौके पर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्री केजे जॉर्ज, विधायक राजे गौड़ा, तम्मैया, नयना मोटाम्मा व अन्य।



## कोर कमेटी की बैठक

बेंगलूरु में रविवार को प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक विजयेन्द्र येडीयुरप्पा के नेतृत्व में कोर कमेटी की बैठक शुरु हुई। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव अधिकारी एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहनदास अग्रवाल, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, डी.वी. सदानंद गौड़ा, राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री गोविंदा करजोला, के.एस. ईश्वरप्पा, डॉ सी.एन. अश्वत्थनारायण, बी. श्रीरामुलु, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि आदि उपस्थित थे।

# इकरान-24 में शोध कार्यों पर चर्चा के साथ चिकित्सकों पर हमलों पर जताई चिन्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांसेज इन न्यूरो ट्रोमेटोलॉजी ( इकरान-2024) रविवार को सम्पन्न हो गई। देश और दुनिया के जयपुर में इकट्ठा हुए न्यूरो सर्जन्स ने इकरान-2024 के तीसरे और अन्तिम दिन विश्व, खासतौर पर भारत में चिकित्सों पर बढ़ते हमलों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार लोगों से इन्हें रोकने के मजबूत कदम उठाने का आग्रह किया।

इसमें आज यहां हुए विभिन्न सत्रों में न्यूरो सर्जन्स ने अपनी अपनी उल्लेखनीय सर्जरी की केस रिपोर्ट सबके सामने रखी और उन पर खुल कर सवाल जवाब किए। एक सत्र में नागपुर के डा. लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि चिकित्सक मरीजों की जान बचाते हैं लेकिन उनकी जान कौन बचायेगा ।

उन्होंने चिकित्सकों पर हमलों की बढ़ती प्रवृत्ति, इन पर मीडिया द्वारा तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने और राजनेताओं तथा न्यायपालिका की अप्रासंगिक टिप्पणियों पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टरी के पेशे की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉक्टर्स के प्रति समाज का व्यवहार बहुत समझदारी का होना चाहिए। न्यूरो सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल कर रहे डॉक्टर्स के लिए भी एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके तीन टॉपर्स -डा. मोहित गुप्ता, डा. पौरुष और डा. अक्षय को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सत्र में युवा न्यूरो सर्जन्स ने ट्रॉमेटिक ब्रेन इंज्यूरीज पर अपने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए और संभागी न्यूरो सर्जन्स द्वारा उन पर किए सवालों का जवाब दिया। अलग अलग सत्रों में ब्रिटेन के डा. पीटर हकिंसन ने न्यूरोट्रोमा मरीजों के लिए विश्व के विभिन्न हिस्सों में शुरू की गई विभिन्न प्रणालियों का उल्लेख किया। सिंगापुर के डा. वान ट्यू ने भी अपने अनुभव बताए।

# सामुदायिक केन्द्र में खड़े पुराने वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम की मदद से आग लगने के कारणों का पता लगाने के सबूत जुटाए जा रहे है। शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि मृतक मादक पदार्थ का सेवन किया करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# भाजपा जो वादा करती है उसको पूरा भी करती है, हम विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र को पूरा करने की दिशा में कर रहे हैं काम : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव के लिए सुझाव पेटिका वाले एलईडी रथों को आज भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने प्रत्येक क्षेत्र में आमजन और विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं से सुझाव लेकर अपना संकल्प पत्र तैयार किया था। उसी प्रकार से लोकसभा चुनाव 2024 में भी आमजन के सुझाव से विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार हो रहा है। इसकी शुरूआर आज प्रदेश मुख्यालय से एलईडी वाहनों को रवाना करके की जा रही है। इसके अलावा 9090902024 नम्बर पर मिस कॉल करके, नमों एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता अपने सुझाव दे सकते है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के बाद जिला मुख्यालयों पर एलईडी रथ यात्रा की शुरूआत वहां के सांसद, जनप्रतिनिधि एवं अध्यक्ष करेंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में दो-दो एलईडी रथ गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाएंगे। पार्टी के अभियानों से लेकर बैठकों और जनसभाओं में सुझाव पेटिका रखी जाएगी। सभी वर्गों से सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता जिलों में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। जोशी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता के सुझावों से तैयार किए गए संकल्प पत्र पर भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आते ही काम करना शुरू कर दिया और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 60 दिनों में ही जनता को एक के बाद एक कई सौगातें दी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव हेतु एलईडी रथों की रवानगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर हमने लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से एलईडी रथों को रवाना किया जा रहा है। जिस प्रकार हमने विधानसभा चुनावों में आम जनता से सुझाव लेकर संकल्प पत्र तैयार किया था और उस संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए हम प्रयासरत हैं। उसी तरह लोकसभा क्षेत्रों में जाकर आमजन के कीमती सुझाव एकत्रित किए जाएंगे और उसमें से अच्छे सुझावों को हम अपने संकल्प पत्र में शामिल करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के समय संकल्प पत्र में जो वादा किया था उसको पूरा करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। हमने अपने संकल्प पत्र में सस्ता गैस सिलेंडर देने का वादा किया था और 01 जनवरी 2024 से प्रदेश की 73 लाख बहनों को 450 रूपये में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। हमने आशा सहयोगिनी का मानदेय 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए कहा था और हमने अपने वादे को पूरा करते हुए मानदेय बढ़ाया। विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका रथों को रवाना करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, दामोदर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेन्द्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाना, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अरूण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, ज्योति मिर्धा, सीआर चौधरी, धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, महापौर सौम्या गुर्जर और विधायक कुलदीप धनकड़ मौजूद रहे।



# पिता ने कुल्हाड़ी से हमला करके बेटी की हत्या कर दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गोगामेडी थाना क्षेत्र में 31 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर उसके पिता ने कुल्हाड़ी से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोगामेड़ी थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि आरोपी पिता गोविंद सिंह (उम्र करीब 55 वर्ष) अपनी बेटी कृष्णा (31) पर शादी के लिए दबाव डाल रहा था, लेकिन वह शादी के लिए सहमत नहीं थी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है जब आरोपी कृष्णा के कमरे में गया और सोते समय उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय कृष्णा की मौत हो गई।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी किसान को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।



# सनातन धर्म के संरक्षण में साधु-संतों का विशेष योगदान : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन धर्म के संरक्षण में साधु-संतों का विशेष योगदान बताते हुए कहा है कि इनके कारण भारतीय संस्कृति का संवर्द्धन एवं संरक्षण हुआ है और उनके विशेष योगदान से आज भारतीय संस्कृति के मूल्य विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखते हैं। शर्मा रविवार को गोविंद देव जी मंदिर परिसर में बाबा बालकनाथ आश्रम द्वारा महामृत्युजंय महायज्ञ के उपलक्ष्य पर आयोजित कलश यात्रा को सम्बोधित कर रहे थे।

शर्मा ने कहा कि यज्ञ का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। यह पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रमुख माध्यम है। यज्ञ करने वाले और उसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों की आत्मा शुद्ध हो जाती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी रूप से भाग लेती रही है और उनसे समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इससे पहले शर्मा ने बाबा बालकनाथ की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। उन्होंने बस्तीनाथ कि महाराज का शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने एक महिला के सिर पर कलश रखकर और पूजन कर यात्रा की विधिवत शुरूआत भी की।

मुख्यमंत्री ने गोविंद देव जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने यहां छप्पन भोग झांकी के दर्शन भी किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री को अपने साथ पाकर कई श्रद्धालुओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक कुलदीप धनकड़ और कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# चूरू से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर राहुल कंस्वा ने दी यह प्रतिक्रिया

जयपुर। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के चूरू से मौजूदा सांसद राहुल कंस्वा को टिकट नहीं दिया है। यहां से पार्टी ने पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया को उम्मीदवार बनाया है। टिकट नहीं मिलने पर रविवार को राहुल कंस्वा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राहुल कंस्वा ने अपने पोस्ट में लिखा, ''राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार! लेकर विश्वास, पाकर आपका साथ, देकर हर संकट को मात, ध्येय मार्ग पर बढ़ते जाएंगे, उत्थानों के शिखर चढ़ते जाएंगे। आप सभी संयम रखें। आगामी कुछ दिन बाद आपके बीच उपस्थित रहूंगा, जिसकी सूचना आपको दे दी जाएगी।''

बता दें कि राहुल कस्वां चूरू लोकसभा सीट से लगातार दो बार से भाजपा के टिकट पर सांसद रहे हैं। भाजपा ने राहुल कस्वां का टिकट काटते हुए देवेंद्र झाझड़िया को प्रत्याशी बनाया है। राहुल कस्वां का टिकट काटने के पीछे वजह पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ से उनकी अदावत मानी जा रही है।

उन पर यह भी आरोप लगाया गया था कि 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने राठौड़ की सहायता नहीं की। जिसके कारण से राजेंद्र राठौड़ को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद राजेंद्र राठौड़ समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने राहुल कस्वां की शिकायत केंद्रीय नेतृत्व से भी की थी।

# पार्टी से बगावत करने वाला अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेगा : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अलवर। राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जो भी अपनी पार्टी से बगावत करेगा वह अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मारने का काम करेगा। शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा प्रत्याशियों की जारी की गई सूची में अलवर से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को अपना प्रत्याशी बनाने के बाद रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अलवर का सौभाग्य है कि एक जमीन से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता यहां का प्रतिनिधित्व करेगा। केंद्र सरकार में मंत्री हैं और विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं। संगठन के अच्छे कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने यादव पर विश्वास जताया और अलवर से टिकट दी और उनके नेतृत्व में अलवर को काफी सौगातें मिली हैं। सरिस्का का एलिवेटेड रोड उन्हीं के द्वारा स्वीकृत किया गया है, डीपीआर तैयार हो गई है। जल्दी ही उसका भूमि पूजन होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भूपेंद्र यादव यहां से भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की केंद्र में सरकार बनेगी।

बाहरी प्रत्याशी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी प्रत्याशी नहीं है। चांदनाथ जी भी भारी बहुमत से चुनाव जीते थे। बालक नाथ जी भी बहुमत से चुनाव जीते थे और निश्चित रूप से भूपेंद्र यादव भी भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर पूरा विश्वास किया है। राज्य में सभी सीट भाजपा जीतेगी।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो माह में काफी काम किए हैं और जनता उनसे खुश है, ऐसे में मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की सभी सीट पार्टी जीतेगी। स्थानांतरण में मंत्री और विधायकों की नहीं चलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्थानांतरण नीतिगत तरीके से हुए हैं और सरकार इसमें पूरी पारदर्शिता से कम कर रही है।

उन्होंने कहा कि सभी मंत्री अपने तरीके से कम कर रहे हैं और यह एक काल्पनिक सवाल है कि सरकार में मंत्रियों की नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह बौखलाई हुई है और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

# अजवाइन की आड़ में लाल चंदन की तस्करी, दो गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। सदर चित्तौड़गढ थाना पुलिस ने रविवार को हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक में अजवाइन की चुरी के आड़ में अवैध लाल चंदन का परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 1330 किलोग्राम अवैध लाल चंदन की लकड़ी जब्त की हैं। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में अवैध गतिविधियों पर निगरानी, रोकथाम व धरपकड़ के तहत रविवार को थानाधिकारी सदर चित्तौडगढ़ गजेन्द्र सिंह (पु.नि) के सुपरविजन में थाने के हैड कानि. सुरेन्द्र सिंह, कानि. सुरेन्द्र पाल, हेमव्रत सिंह, भजन लाल, बलवंत सिंह व मनोहर सिंह द्वारा हाईवे रोड़ पर नाकाबन्दी की जा रही थी। नाकाबन्दी के दौरान कोटा की तरफ से एक आईशर ट्रक को दो व्यक्ति लेकर आये जो पुलिस नाकाबन्दी को तोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिस पर पुलिस जाब्ता द्वारा नाकाबन्दी बेरियर लगाकर ट्रक को रोककर ट्रक में भरे सामान के बारे में पुछताछ की गई तो ट्रक चालक व खलासी ने ट्रक में अजवाईन की चुरी भरी होना बताया।

# 15 लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में सात नये चेहरे शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पहली सूची में राजस्थान की कुल 25 लोकसभा सीट में से 15 सीट के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया है, लेकिन इन 15 में से सात लोकसभा सीट पर नए चेहरे उतारे जाने से शेष मौजूदा सांसदों का भविष्य भी अधर में दिख रहा है। आगामी आम चुनाव में सभी 25 सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिहाज से हाईकमान के पास 'चुनाव जीतने की क्षमता' नामक एक कारक है जो पार्टी के लिए सर्वोपरि है।*

*भाजपा ने शनिवार को घोषित पहली सूची में आठ मौजूदा सांसदों को बरकरार रखा है और सात सीट पर नए चेहरों को टिकट दिया है। दो सांसदों के वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद सात में से दो सीट पहले से रिक्त थीं। भाजपा की पहली सूची में बीकानेर, चूरू, सीकर, अलवर, भरतपुर, नागौर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा और झालावाड़-बारां के उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, जबकि अजमेर, भीलवाड़ा, दौसा, गंगानगर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, झुंझुनू, करौली-धौलपुर, राजसमंद और टोंक-सवाई माधोपुर के लिए टिकटों की घोषणा का इंतजार है।*

*2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 24 सीट जीती थीं और उसके गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने नागौर सीट से जीत दर्ज की थी। इस तरह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) ने सभी 25 सीट पर जीत हासिल कर ली थी। बेनीवाल की आरएलपी अब राजग की सहयोगी नहीं है और वह खुद वर्तमान में विधायक हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने दम पर सभी 25 सीट पर जीत दर्ज की थी। भाजपा ने पहली सूची में तीनों केंद्रीय मंत्रियों - गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर), अर्जुन मेघवाल (बीकानेर) और कैलाश चौधरी (बाड़मेर) के साथ-साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला (कोटा-बूंदी), भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी को बरकरार रखा है। लेकिन सी पी जोशी (चित्तौड़गढ़), सुमेधानंद सरस्वती (सीकर), पीपी चौधरी (पाली) और दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां) का टिकट दिया गया है।*

*जिन मौजूदा सांसदों के टिकट काटे गए हैं उनमें राहुल कस्वां (चूरू), रंजीता कोली (भरतपुर), देवजी पटेल (जालौर), अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) और कनकमल कटारा (बांसवाड़ा) शामिल हैं, पिछले साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता बाबा बालक नाथ के जीतने पर अलवर सीट खाली हुई है। इसी तरह आरएलपी के हनुमान बेनीवाल के विधायक बनने पर नागौर सीट खाली हुई है। चूरू से दो बार के सांसद राहुल कस्वां और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच मतभेद साफ नजर आ रहे थे और माना जा रहा है कि अंदरूनी कलह के कारण ही उनका टिकट काटा गया है। विधानसभा चुनाव में राठौड़ की हार के लिए कस्वां को जिम्मेदार ठहराया गया था।*

*चूरू सीट पर राहुल कस्वां की जगह पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझड़िया को नये चेहरे के रूप में टिकट दिया गया है, जबकि देवजी पटेल, जो 2023-विधानसभा चुनाव हार गए थे, की जगह लुंबाराम चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुईं ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से टिकट मिला है। टिकट पाने वाले अन्य नए लोगों में महेंद्रजीत सिंह मालवीय (बांसवाड़ा), मन्नालाल रावत (उदयपुर) और रामस्वरूप कोली (भरतपुर) का नाम शामिल है।*

*कांग्रेस के पूर्व मंत्री मालवीय भी हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। बाबा बालकनाथ के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हुई अलवर सीट पर पार्टी ने राज्यसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को टिकट दिया है।*

*पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि टिकट तय करने के लिहाज से पार्टी के लिए 'जीतने की क्षमता' ही एकमात्र मानदंड है। पार्टी ने सभी 25 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय स्तर पर राजग 300 सीट के आंकड़े को पार कर जाए। उन्होंने बताया कि 'जीतने की क्षमता' का आकलन करने के लिए सर्वेक्षणों और विभिन्न स्तरों पर प्राप्त 'फीडबैक' और अन्य विभिन्न मानदंडों के तहत सांसद के व्यक्तिगत प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया है और उसी के आधार पर टिकट तय करने की कवायद की गई है।*

# यादव समाज ने खुद को 'एक ही परिवार का ठेकेदार' वाली व्यवस्था से मुक्त किया : मोहन यादव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि ऐसा माना जाता था कि सिर्फ एक ही परिवार यादव समाज का ठेकेदार है लेकिन खुशी इस बात की है कि इस समाज ने अब ठेकेदार वाली व्यवस्था से खुद को मुक्त कर लिया है। उन्होंने यहां आयोजित यादव महाकुंभ को संबोधित करते हुए सपा का सबसे ताकतवर कुनबा माने जाने वाले 'मुलायम सिंह यादव परिवार' पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा, मैं जब आया था तब मुझे लगा था कि मैं जहां जा रहा हूं वहां ऐसा माना जाता है कि एक ही परिवार (यादव) समाज का ठेकेदार है, लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि इस समाज ने ठेकेदार वाली व्यवस्था से अपने को बाहर निकाल लिया है। अब उसकी अपनी पहचान है।

इस बीच, भीड़ में से किसी व्यक्ति ने कुछ कहा, जिस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सपा पर फिर तंज किया। उन्होंने कहा, भैया जो आप मेरे को दिखा रहे हो, वह उनको दिखाओ जो आपकी लीडरशिप का ठेका लेकर बरसों तक आपकी छाती पर मूंग दल रहे थे। मेरे आगे दो-चार लोगों को बताने से काम नहीं चलेगा। आप उनके पास जाओ जिनके घर में चार-चार बार मुख्यमंत्री का पद था। उन्होंने यादव समाज का भाजपा से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा, आज के इस अवसर पर जो मैं आपके बीच बात करने आया हूं...मेरे पास दो ही बातें हैं। अपने समाज के लोगों से मिलने का सुख भी है और आपके सामने यह इतना बड़ा आकाश है जिसके माध्यम से हम अपने समाज को वर्तमान में यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की तरफ ले जा सकते हैं।

मप्र के मुख्यमंत्री ने यादव समाज को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन संघर्ष की याद दिलाई और कहा, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारा पूरा देश और पूरी सनातन संस्कृति इसी कारण से तो भगवान राम और भगवान कृष्ण की संस्कृति मानी जाती है। चाहे कितनी ही चुनौतियां हों, कितना ही कष्ट हो लेकिन हमारी सनातन संस्कृति न तो झुकी है, और न कभी झुकेगी। उन्होंने कहा कि यादव वंश वह वंश है जिसने कालिया नाग के ऊपर भी उसे वश में करके नृत्य करते हुए समाज में शांति का पैगाम दिया है। यादव ने भाजपा नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा, जब मुझे मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई तो मुझे तो पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मुख्यमंत्री होने के लिए बहुत पैसा होना चाहिए, बहुत सारे विधायकों का समर्थन होना चाहिए, परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि होनी चाहिए। मेरे परिवार में तो ऐसा कुछ भी नहीं था। मेरे घर में पहले न कोई सांसद रहा, और न ही विधायक। मगर इसके बावजूद मेरी पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री का दायित्व दिया है। मैं इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। मुख्यमंत्री ने परोक्ष रूप से सपा की तरफ इशारा करते हुए कहा, आज यह समय आया है कि किसी गरीब परिवार का, किसी यादव परिवार का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनता है। कोई छोटी जाति का व्यक्ति देश में प्रधानमंत्री बनता है। यह दूसरी पार्टी को सबक है।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय कल इस्तीफा देंगे



**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने कहा, मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे, जिसकी प्रतियां भारत के प्रधान न्यायाधीश और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजी जाएंगी। उन्होंने सीबीआई और ईडी को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने का निर्देश देते हुए कई निर्देश जारी किए हैं।



## ओडिशा : पांच बार के विधायक अरबिंद धाली भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा विधानसभा के पांच बार के सदस्य अरविंद धाली रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। एक दिन पहले ही उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दिया था। धाली अपने समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में भुवनेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सांसद अपराजिता सारंगी एवं अन्य की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

पूर्व विधायक मुकुंद सोदी ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया था और धाली के साथ भाजपा में शामिल हो गए। धाली ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि बीजद के भीतर कोई लोकतंत्र नहीं बचा है और वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। घुटन महसूस करने के बाद मैंने बीजद छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गया जहां पर आंतरिक लोकतंत्र है। खुर्दा जिले में जयदेव के विधायक धाली ने दावा किया कि भाजपा विस की 147 सीट में से 100 से अधिक सीट जीतकर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। धाली पहली बार 1992 में भाजपा के टिकट पर उपचुनाव में मलकानगिरी सीट से विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने दो और बार इस सीट से जीत दर्ज की। इसके बाद वह बीजद में शामिल हो गए और 2009 में जयदेव से विधानसभा के लिए चुने गए।



## राजद का मतलब अधिकार, रोजगार और विकास, भाजपा पार्टी झूठ की फैक्ट्री है : तेजस्वी

**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ की फैक्ट्री होने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का मतलब अधिकार, रोजगार और विकास है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित ''जनविश्वास महारैली'' को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता हमेशा जुमलेबाजी करते हैं, लेकिन हम इस देश और बिहार के लोगों के अधिकारों और नौकरियों के लिए लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि राजद मुस्लिम और यादव (एमवाई) की पार्टी है, लेकिन असल में यह एम-वाई और 'बाप' (बीएएपी) की पार्टी है जिसमें बी से बहुजन, ए' से अगडा, ए' से आधी आबादी (महिलाएं) और 'पी' से गरीब है।

राजद के युवा नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, महागठबंधन सरकार ने बिहार में पिछले 17 महीनों में जो किया भाजपा से हाथ मिलाने वाले नीतीश जी पिछले 17 वर्षों में नहीं कर सके। कुमार ने हाल में राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन को छोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए थे। जदयू अध्यक्ष कुमार के बार-बार पलटी मारने पर एक हिंदी फिल्म के मशहूर गाने इधर चला मैं उधर चला को दोहराते हुए तेजस्वी ने कहा, नीतीश चाचा भी इस गाने की तरह ही काम करते हैं और बार-बार अपना पाला बदलते हैं। कुमार कैबिनेट में शामिल बिहार भाजपा नेताओं पर हमला करते हुए तेजस्वी ने कहा कि वर्तमान में बिहार में दो उपमुख्यमंत्री हैं जिनमें से एक उप मुख्यमंत्री ''अभद्र भाषा इस्तेमाल' करने वाले हैं और दूसरे ''बड़बोले'' हैं। राजद नेता ने कहा कि जो बड़बोले उपमुख्यमंत्री हैं, उन्होंने पिछले 14 वर्षों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा है और आखिरी बार उन्होंने राजद के टिकट पर ही चुनाव जीता था।

## जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग जीवन भर जेल में सड़ेंगे जबकि उनके बाप-दादा की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। आदित्यनाथ ने यहां राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उन्होंने कहा, यही नहीं, उसके बाप-दादा की संपत्ति भी सरकार जब्त कर लेगी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन खुद दिए। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपए के 'प्रोजेक्ट अलंकार' के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 330प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम' का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने 'स्मार्ट क्लास' का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ स्मार्ट शहर ही नहीं होंगे, बल्कि प्रदेश के युवा स्मार्टफोन और 'स्मार्ट क्लास' से जुड़कर पूरी दुनिया के सामने 'स्मार्ट युवा' बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का आगाज़ कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया।

## उप्र में 80 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने मौजूदा सांसदों पर जताया भरोसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा 51 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबले की राजनीतिक तस्वीर साफ होती जा रही है।

उत्तर प्रदेश में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलाइंस' (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) ने अब तक 31 सीटों पर अपनी उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। सपा ने वाराणसी सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतारा था लेकिन बाद में 'इंडिया' गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे के कारण वह सीट कांग्रेस को दे दी गई है। कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी और मौजूदा राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को क्रमशः अमेठी और रायबरेली सीटों से मैदान में उतारने की मांग के बीच अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। समझौते के मुताबिक सपा उत्तर प्रदेश की 80 में से 63 सीटों पर जबकि कांग्रेस बची हुई 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। रायबरेली, अमेठी और वाराणसी के अलावा जिन अन्य सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उनमें कानपुर शहर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराज गंज, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया शामिल हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी वर्तमान में रायबरेली से सांसद हैं जबकि राहुल गांधी 2019 के चुनाव में अमेठी सीट भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हार गए थे। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने का लक्ष्य रखते हुए भाजपा ने अपने मौजूदा सांसदों पर खासा भरोसा जताया है और वह राजनीतिक लिहाज से सबसे अहम माने जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

## ओडिशा में 351 कछुओं को तस्करी से बचाया गया, तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के कटक जिले में 351 कछुओं को तस्करी से बचाया गया है। डीआरआई ने रविवार को यह जानकारी दी। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुंगुली टोल गेट पर एक वाहन को रोका और 351 शिशु कछुओं को मुक्त करा लिया, जिन्हें तस्करी करके पश्चिम बंगाल से बेंगलूरु ले जाया जा रहा था। ओडिशा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुशांत नंदा ने लिखा, अवैध व्यापार में शामिल पश्चिम बंगाल के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पश्चिम बंगाल से सड़क मार्ग से कर्नाटक के बेंगलूरु तक कछुओं को ले जाने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक कार भी जब्त की गई है। बयान में कहा गया कि 'इंडियन टेंट' नामक कछुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में सूचीबद्ध हैं और इस प्रकार उन्हें उच्चतम स्तर का संरक्षण प्रदान किया जाता है। कछुओं को वन अधिकारियों को सौंपकर गिरफ्तार व्यक्तियों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई के लिए राज्य अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है।

## केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद लोस चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित करेगी कांग्रेस : जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ग्वालियर/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि पार्टी चार-पांच दिनों में होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के तुरंत बाद मध्य प्रदेश में लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मध्य प्रदेश की कुल 29 सीटों में से 24 सीटों के लिए नामों की शनिवार को घोषणा की। मध्य प्रदेश में पार्टी मामलों के प्रभारी कांग्रेस महासचिव सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस (उम्मीदवारों) की सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। हम राज्य विधानसभा चुनाव में खड़े हुए उम्मीदवारों के अलावा ब्लॉक और जिला स्तर पर समितियों के साथ परामर्श के बाद लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की अगले चार-पांच दिनों में बैठक होगी। सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा, सीईसी की बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची घोषित की जाएगी। रविवार को यहां 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मौजूद नहीं रहने पर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उज्जैन में यात्रा में शामिल होंगे क्योंकि उन्हें अपनी बहन की दिल की सर्जरी के लिए जाना था।

कमलनाथ शनिवार को राज्य में राहुल गांधी की यात्रा के प्रवेश के स्वागत के लिए मुरैना में आयोजित एक समारोह में उपस्थित थे। कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। यह एकमात्र सीट है जिसे कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में 2019 के आम चुनावों में जीता था। मध्य प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। छिंदवाड़ा को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। भाजपा की ओर से अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ और उनके बेटे के पाला बदलने की चर्चाओं के बीच, कमलनाथ ने हाल ही में इसका खंडन किया।

## ओडिशा में डीआरडीओ के एक केन्द्र में सेना के जवान ने खुद को गोली मारकर जान दी

**केन्द्रपाडा (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में डीआरडीओ की रडार वेधशाला हवाई निगरानी इकाई में 35 वर्षीय सेना के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सिपाही के पद पर कार्यरत जवान की पहचान तमिलनाडु के मूल निवासी राज शेखरन के रूप में की गई। घटना शनिवार देर रात लगभग दो बजे की है, जब जवान महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबांका गांव में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक केन्द्र पर तैनात था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जवान को रक्त रंजित अवस्था में पाया गया और उसे तत्काल पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महाकालपाड़ा पुलिस थाने के निरीक्षक बिमल कुमार मलिक ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लगता है। राइफल को जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए भेजा गया है।

## मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग 'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा, इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। उन्होंने कहा, हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास करते हुए दोषियों को हिरासत में लेने के माध्यम से इस लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है।

## अन्याय के चलते देश में बढ़ रही है नफरत : राहुल गांधी

**ग्वालियर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अपनी यात्रा के दौरान 'न्याय' शब्द के महत्व पर जोर दिया और देश में नफरत बढ़ने के लिए मौजूदा अन्याय को जिम्मेदार ठहराया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में स्थित मोहना में एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने आर्थिक व सामाजिक असमानता और किसानों तथा युवाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार को प्रमुख चिंताओं के रूप में चिह्नित किया। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गांधी ने यहां जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों की आलोचना की और इन्हें बेरोजगारी दर में वृद्धि की वजह बताया। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी दर 40 साल में सबसे ज्यादा है।

कांग्रेस सांसद ने दावा किया, जीएसटी और नोटबंदी के कारण बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ी है। अब बेरोजगारी दर पिछले 40 वर्षों में सबसे अधिक है। कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि भारत की युवा बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है।

## भाजपा सांसद हर्षवर्धन ने टिकट न मिलने के बाद सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मौजूदा सांसद हर्षवर्धन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की।

हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबे पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के ''शानदार चुनावी करियर'' के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। अपने सफर पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, मैं तंबाकू और मादक पदार्थ के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ और सरल व सतत जीवनशैली सिखाने का अपना काम जारी रखूंगा। उन्होंने कहा, 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद मैं अंततः अपनी जड़ों की ओर लौट रहा हूं। इस दौरान मैंने सभी पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव अच्छे-खासे अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य व केंद्र में सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर रहा। भाजपा द्वारा घोषित 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक सीट से प्रवीण खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने जब गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की इच्छा से 50 साल पहले जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर में एमबीबीएस में दाखिला लिया था, तो उनका लक्ष्य मानवता की सेवा था। उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, दिल से स्वयंसेवक होने के नाते, मैं दीनदयाल उपाध्याय जी के कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के प्रयास के अंत्योदय सिद्धांत का प्रबल समर्थक रहा। तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन नेतृत्व के आग्रह पर मैं चुनावी राजनीति में कूदा था। हर्षवर्धन ने कहा, वे मुझे इसलिए मना पाए, क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं – गरीबी, रोग और उपेक्षा से लड़ने का अवसर था। सांसद ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने कहा, बिना किसी पछतावे के मुझे कहना होगा कि यह एक अद्भुत पारी रही, जिसके दौरान आम आदमी की सेवा करने का मेरा जुनून पूरा हुआ। मैंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री के साथ दो बार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में काम किया, ऐसा विषय जो मेरे दिल के करीब है।



## 'केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73% आबादी की उपेक्षा कर रही है'

**पटना/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रही है। बिहार की राजधानी पटना में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की 'जनविश्वास' रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि देश में किसानों, युवाओं और वंचितों के साथ अन्याय हो रहा है।

कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार की 'अग्निवीर' योजना को देश के युवाओं के खिलाफ बताते हुए कहा कि इसके तहत नौकरी पाने वालों की शहादत पर उन्हें अन्य शहीदों की तर्ज पर सरकारी सहायता नहीं मिल पाएगी। उन्होंने कहा, देश में जब भी कोई (राजनीतिक) बदलाव आता है तो उसकी आंधी बिहार से शुरू होती है और यह तूफान देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गया है। बिहार देश का राजनीतिक केंद्र है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आज देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार है, तो दूसरी तरफ लोगों में प्यार, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान है। राहुल गांधी ने कहा कि एक पार्टी नफरत पैदा करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम ''नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजा रहे हैं। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, माकपा नेता सीताराम येचुरी, भाकपा नेता डी. राजा और राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव ने भी संबोधित किया।

## सुविचार

**जिंदगी में ऐसा इंसान का होना बहुत ज़रूरी है, जिसका दिल का हाल बताने के लिए लफ़्ज़ों की ज़रूरत ना पड़े।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आधा-अधूरा समाधान

'आग लगने पर कुआं खोदना' क्या होता है, यह ब्रिटिश सरकार को देखकर समझा जा सकता है। अत्यधिक उदारवादी और बहुसांस्कृतिक समाज बनाने के चक्कर में उसने जिस तरह अपने सामाजिक तानेबाने को नष्ट-भ्रष्ट किया, उसका नतीजा इन दिनों देखने को मिल रहा है। उसने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंडोनेशिया ... जैसे देशों से जिन चरमपंथी प्रचारकों के लिए अपने दरवाजे खोले थे, वे अब वहां खूब उपद्रव मचा रहे हैं। ब्रिटेन के मूल निवासी यह देखकर हैरान हैं कि सरकारों ने उनके देश की यह कैसी दुर्गति कर दी! अब एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा जाना कि 'सरकार द्वारा तैयार की जा रहीं नई योजनाओं के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों के चरमपंथी विचारों वाले, नफरत फैलाने वाले प्रचारकों को ब्रिटेन में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा', वास्तव में असल समस्या का आधा-अधूरा समाधान पेश करने जैसा है। ब्रिटेन को बहुत पहले सावधान हो जाना चाहिए था। उसने खासतौर से पाकिस्तान से आई एक बड़ी आबादी को नागरिकता देने में जिस तरह अति-उदारता दिखाई, वह उसे बहुत महंगी पड़ गई है। इससे वहां अपराध की दर बहुत ज्यादा बढ़ गई। सामाजिक सुरक्षा और अन्य सेवाओं पर दबाव बढ़ गया। कई इलाके तो ऐसे बन गए, जहां पुलिस भी जाने से कतराती है। सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री की कुर्सी इस वजह से गंवानी पड़ी थी, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तानियों द्वारा ब्रिटेन में किए जा रहे गंभीर अपराधों का 'खुलासा' कर दिया था। आज वहां पाकिस्तानियों द्वारा ऐसे कई गिरोह चलाए जा रहे हैं, जो अंग्रेज लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर उनसे दुष्कर्म करते हैं। लंदन, बर्मिंघम, लीसेस्टर समेत कई शहरों में ऐसे गिरोह काम कर रहे हैं, जिनमें पाक मूल के लोग बड़ी संख्या में शामिल हैं।

वहीं, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंडोनेशिया, सीरिया, यमन, इराक, सोमालिया, लीबिया जैसे देशों के चरमपंथी प्रचारक ब्रिटिश समाज के सद्भाव को पलीता लगा रहे हैं। उनकी आग उगलतीं तकरीरें सुनकर ब्रिटेन के कई युवा कट्टरपंथ और आतंकवाद की राह पर चल पड़े हैं। वास्तव में यह समस्या सिर्फ ब्रिटेन की नहीं है। हाल में फ्रांस में ट्यूनीशियाई मूल का एक चरमपंथी प्रचारक सुर्खियों में रहा था, जिसने इस देश के राष्ट्रीय ध्वज को शैतानी झंडा बताया था। हालांकि उसके बाद फ्रांस सरकार ने सख्त रुख अपनाकर उस शख्स को निष्कासित करते हुए अपने देश रवाना कर दिया था। अब ब्रिटिश सरकार चरमपंथी गतिविधियों में 'चौंकाने वाली वृद्धि' से चिंतित है! उसकी ओर से अधिकारियों को विदेशों से सबसे खतरनाक चरमपंथियों की पहचान करने के लिए नियुक्त किया जा रहा है, ताकि उन्हें वीज़ा चेतावनी सूची में जोड़ा जा सके। नई योजनाओं के तहत, सूची में शामिल लोगों को स्वचालित रूप से ब्रिटेन में प्रवेश से मना कर दिया जाएगा। ब्रिटिश सरकार इस प्रक्रिया से कई लोगों को देश में प्रवेश करने से रोक सकती है, लेकिन उन लोगों के मामले में क्या करेगी, जो पहले ही प्रवेश पा चुके हैं और सरकारी सुविधाओं का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं? उन्हें उनके देशों में भेजना आसान काम नहीं होगा। अगर ब्रिटेन को विदेशियों के लिए दरवाजे खोलने ही थे तो सिर्फ उन्हें आने की अनुमति देनी चाहिए थी, जो बहुसांस्कृतिक सामाजिक परिवेश से हैं और जिनका चरमपंथ से कोई लेना-देना नहीं है। क्या उसे मालूम नहीं था कि पाकिस्तान जैसे देशों के क्या हालात हैं? ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट के मंच से एक भावपूर्ण भाषण में चेतावनी दे चुके हैं कि इस देश के लोकतांत्रिक और बहु-आस्था मूल्य चरमपंथियों द्वारा खतरे में हैं। अगर ब्रिटिश प्रधानमंत्री खतरा भांप गए हैं तो भाषण के अलावा धरातल पर भी कुछ करें। पाकिस्तान, जो चरमपंथ का गढ़ बना हुआ है, को मिलने वाली आर्थिक सहायता पर पाबंदी लगवाने की पहल करें।

## ट्वीटर टॉक



आज मुख्यमंत्री कार्यालय में सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत जनहित को समर्पित विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन व प्रगति को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की व संबंधित कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

**-भजनलाल शर्मा**



ये धरती भगवान श्रीकृष्ण भक्ति के परम प्रचारक चैतन्य महाप्रभु की जन्मस्थली है। भगवान श्रीकृष्ण ने जो द्वारकानगरी बसायी थी, जो समुद्र के अंदर डूब चुकी थी, अभी कुछ दिन पहले मुझे समुद्र की गहराई में जाकर उस पुरातन श्रीकृष्ण की भूमि को नमन करने का सौभाग्य मिला।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज सरदार पटेल कम्युनिटी हॉल, जामकंडोरणा में आयोजित महिला सम्मेलन में सहभागिता की। इस दौरान महिलाओं से संवाद कर उनसे जुड़े मुद्दों पर विचार प्रकट किए और भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण हेतु शुरू की गई अनेक योजनाओं की जानकारी दी।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# प्रशंसा-निंदा से संतुलन

कश्मीर की संत कवि लल्लेश्वरी एक बार भजन करती हुई मंदिर जा रही थी कि बच्चे उनके पीछे पड़ गए और उन्हें चिढ़ाने लगे। इस पर एक वस्त्र-व्यापारी ने उन्हें डांटा और भगा दिया। तब लल्लेश्वरी ने व्यापारी से एक कपड़ा मांगा और उसके दो बराबर टुकड़े करने को कहा। व्यापारी द्वारा वैसा करने पर उन टुकड़ों को अपने दोनों कंधों पर डालकर वे आगे बढ़ी। रास्ते में जब कोई उनका अभिवादन करता या हंसी उड़ाता, तो वे उन टुकड़ों में एक-एक गांठ बांधती। मंदिर से लौटने पर उन्होंने वे टुकड़े व्यापारी को वापस करते हुए उनका वजन करने को कहा। वजन करने पर उनका वजन बराबर मिला। तब लल्लेश्वरी बोली, 'प्रशंसा या निंदा का हमें बिलकुल ख्याल नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे को संतुलित करते रहते हैं। इसलिए हमें सबको समान दृष्टि से देखना चाहिए और समान भाव से ग्रहण करना चाहिए।'

## सामयिक

# कठिन डगर है शिक्षा की



**एन ई पी-2020 की शुरुआत में कोरोना महामारी के दौर में शिक्षा तात्कालिक आवश्यकता के स्तर पर डिजिटल तकनीक से जुड़ गई थी। कोरोना काल में मोबाइल और इंटरनेट का व्यवसाय खूब फला फूला। बच्चे-बच्चे के हाथ मोबाइल और इंटरनेट तक पहुँच गए। किन्तु यह डिजिटल तकनीक शिक्षा के मामले में फिसड्डी ही सिद्ध हुई। इसका सकारात्मक उपयोग नहीं हो पाया। किन्तु प्राथमिक शिक्षा में इंटरनेट तकनीक और स्मार्टफोन के दूरगामी परिणाम इतने विनाशकारी होंगे, यह कोई सोच भी नहीं सकता था। रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल 907 बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उसे वह अच्छी तरह चला लेते हैं, जबकि उससे सरल संक्रिया वाला गणित नहीं लगा पाते।**

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
मोबाइल : 7379100261

बीते दिनों प्रथम एन.जी.ओ. की 'एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट-2023' के निष्कर्ष देख रहा था, जिसके अनुसार सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई का मामला ठीक-ठाक नहीं है। जबकि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986' और बाद में प्रोफेसर यशपाल के तत्वावधान में 'प्रोग्राम ऑफ एक्शन-1992' के दिनों से ही शिक्षा के सार्वभौमीकरण और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अनवरत बृहद और सूक्ष्म स्तर पर कार्यक्रम संचालित करने का सिलसिला चलता आ रहा है। 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' के बाद डीपीईपी, सर्व शिक्षा अभियान, लर्निंग इननहेंसमेन्ट प्रोग्राम और बहुचर्चित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2005' जैसे कई प्रकल्प संचालित हुए। हालांकि भारत जैसे बहुलतावादी देश में शिक्षा के मनचाहे लक्ष्य को प्राप्त कर लेना आसन काम नहीं है। फिर भी पठन-पाठन को समय सापेक्ष बनाने के प्रयास का सकारात्मक परिणाम मिला। माता-पिता और समुदाय के बीच शिक्षा के आकर्षण में बृद्धि दिखी थी। बच्चों के नामांकन और ठहराव में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई।

किन्तु इस रिपोर्ट ने शिक्षा के समक्ष एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। आज की स्थिति यह है कि हम अजीब विपर्यय के बीच जी रहे हैं। एक तरफ सन 2047 तक विकसित राष्ट्र, बड़ी अर्थव्यवस्था और विश्वगुरु बनने का जोरदार उद्घोष है और दूसरी तरफ रिपोर्टें...जो अक्सर ही देश की सेहत के खिलाफ आती हैं। 'वर्ल्ड हैपीनेस इंडेक्स-2023' के अन्दर 136 देशों में भारत को 126 वां स्थान मिला था। इसमें भारी आर्थिक संकट का सामना करने वाले पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार की स्थिति हमसे बेहतर दर्शायी गई है। 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023' के प्रतिवेदन में 125 देशों के बीच अपना देश 111 वें स्थान पर था, जबकि देश की एक बड़ी आबादी मुफ्त राशन पा रही है और स्कूलों में अच्छे मध्यान भोजन की व्यवस्था है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी' के स्तर पर भी छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण की व्यवस्था है। खैर, इनको तो इस आधार पर खारिज किया जा सकता है कि यह विदेशी एजेंसियों के प्रतिवेदन हैं, जिसकी रेटिंग के पीछे वैश्विक राजनीति के तमाम गुणा-भाग' के दबाव हो सकते हैं। सरकार की तरफ से यह खारिज भी किए जा चुके हैं।

किन्तु 'प्रथम' फाउंडेशन की रिपोर्ट तो अपने ही देश के शिक्षा से जुड़े लोगों की प्रस्तुति है। इसके अनुसार, इसमें 14 से 18 वर्ष के 34,745 किशोरों को सम्मिलित किया गया है। यह बच्चे 26 राज्यों के 28 जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आयुवर्ग के हिसाब से देखा जाय तो यह 8 से लेकर 12वीं कक्षा के छात्र हो सकते हैं। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि 56 प्रतिशत किशोर गणित की सामान्य संक्रियाएं यानी जोड़, घटाव, गुणा और भाग कर पाने में भी समर्थ नहीं हैं। दशमलव, भिन्न और प्रतिशत का ज्ञान नहीं है। रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि सर्वेक्षण में भागीदार 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा की कक्षा दो की किताब के पाठ का धाराप्रवाह वाचन नहीं कर सकते हैं। 43 प्रतिशत छात्र अंग्रेजी का सामान्य वाक्य नहीं पढ़ पाते हैं। अगर शिक्षा की नींव इतनी कमजोर है, तो ऐसी शिक्षा का क्या अर्थ होगा? जबकि देश की प्रगति का रास्ता अंततः शिक्षा से ही होकर निकलता है। इसलिए प्राथमिक विद्यालय स्तरपर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

इस बात को लेकर संतोष की साँस ली जा सकती है कि 14 से 18 वर्ष के 87 प्रतिशत बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। किन्तु इनमें अधिकतर छात्र बुनियादी शैक्षिक प्रदर्शन में अत्यंत कमजोर हैं। यह जैसे-तैसे पढ़-लिखकर भविष्य में बेरोजगारों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने के अलावा और क्या कर पाएंगे ? गणित को बच्चे आज भी एक नीरस विषय के रूप में देखते हैं। जबकि जिन्दगी में गणित सबसे जरूरी है। दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश बच्चे कमजोर और अशिक्षित वर्ग के होते हैं, इनका अंग्रेजी में कमजोर होना स्वाभाविक है, किन्तु क्षेत्रीय भाषा में पीछे रहना एक गहरे अंतर्विरोध को इंगित करता है। गणित अब भी हौवा बना है, यह भी चौकने वाली बात है। क्योंकि आज की तारीख में सरकारी शिक्षकों में प्रतिभा की कमी नहीं है। वह अत्यंत जहीन हैं और उनको पाठ को रोचक व सरल बनाकर पढ़ाने के लिए तैयार करके ही नियुक्त किया जाता है। जाहिर है कि यह रिपोर्ट सरकारी शिक्षकों की बच्चों में सीखने में रुचि बढ़ाने के प्रयत्नों और सुरुचिपूर्ण शिक्षण शैली की आपेक्षा को भी प्रश्नों के घेरे में खड़ा करती है।

फिलहाल यह सर्वेक्षण 'नई शिक्षा नीति-2020' के क्रियान्वयन को लेकर नए सिरे से मंथन करने और पर्यवेक्षण व अनुश्रवन के स्तर पर अधिक सावधान होने की दिशा में भी संकेत करता है। बुनियादी ढांचे को मजबूत किए बिना हम अपना राष्ट्रीय लक्ष्य नहीं प्राप्त कर सकते हैं और बुनियाद शिक्षा की गुणवत्ता पर ही टिकती है। इसलिए शिक्षा नीति को ढंग से जमीनी स्तर पर लागू करना होगा। प्राथमिक शिक्षा पूरी तरह मातृभाषा में देने का प्रविधान सख्ती से लागू कर दिया जाए, तो यह पढ़ाई-लिखाई को सकारात्मक और उपयोगी बनाने में समर्थ होगा।

मातृभाषा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रोचक, सुगम और बच्चों के मनोनुकूल बनती है। गणित का डर खत्म करने के सम्बन्ध में 'एनसीएफ-2005' की अनुशंसा के अनुसार, गणित को कला, खेल और भाषा के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि छात्रों के लिए यह अधिक रचनात्मक और सुरुचिपूर्ण हो सके। गणित के साथ कुछ लैंगिक और सामाजिक पूर्वाग्रह भी जुड़े हैं। लोक धारणा है कि लड़कियां गणित में कमजोर होती हैं तथा उच्च जातीय संवर्ग के छात्रों में इस विषय को समझने की अधिक क्षमता होती है। ऐसी भ्रांत धारणाओं को भी खत्म करने की महती आवश्यकता है।

एन ई पी-2020 की शुरुआत में कोरोना महामारी के दौर में शिक्षा तात्कालिक आवश्यकता के स्तर पर डिजिटल तकनीक से जुड़ गई थी। कोरोना काल में मोबाइल और इंटरनेट का व्यवसाय खूब फला फूला। बच्चे-बच्चे के हाथ मोबाइल और इंटरनेट तक पहुँच गए। किन्तु यह डिजिटल तकनीक शिक्षा के मामले में फिसड्डी ही सिद्ध हुई। इसका सकारात्मक उपयोग नहीं हो पाया। किन्तु प्राथमिक शिक्षा में इंटरनेट तकनीक और स्मार्टफोन के दूरगामी परिणाम इतने विनाशकारी होंगे, यह कोई सोच भी नहीं सकता था। रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल 907 बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उसे वह अच्छी तरह चला लेते हैं, जबकि उससे सरल संक्रिया वाला गणित नहीं लगा पाते। शिक्षा में स्मार्टफोन का होना तो कोरोनकालीन जटिल परिस्थितिजन्य प्रक्रिया की एक निष्पत्ति है। किन्तु इससे नई पीढ़ी में इंटरनेट की जो एक लत पनप चुकी है, वह बड़ी खतरनाक है। यह बच्चों की एकाग्रता के लिए अत्यंत घातक है। जबकि पढ़ाई के लिए रुचि और एकाग्रता सबसे महत्वपूर्ण होती है।

रिपोर्ट 2017 के बाद भयावह हुई शैक्षिक स्थिति को सामने लाती है। कोरोना के बाद शिक्षा से जुड़ी स्थितियाँ निश्चित रूप से बदहाल हुई हैं। इसमें स्मार्टफोन का भी रोल है। मैदान में खेलने-कूदने के बाद मस्तिष्क की ग्राह्य क्षमता तीव्र होती है, ऐसे में पढ़ा गया पाठ स्मृति का हिस्सा बनता है। आज स्थिति यह है कि बच्चे स्कूल से लौटकर मोबाइल पर जुट जाते हैं, जिससे थोड़ी देर में वह मानसिक और दृष्टि के स्तर पर थक जाते हैं। अब उनमें अवसाद, अकेलापन और हिंसक व्यवहार के लक्षण भी दिखने लगे हैं। इस स्थिति में अभिभावकों के दबाव में वह जो कुछ पढ़ाई-लिखाई करते भी हैं, उसका अल्पांश भी उनके संज्ञानात्मक पक्ष का हिस्सा नहीं बन पाता है।

मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणाम अब बच्चों में दिखने लगे हैं। खासकर गर्दन और आँखों से जुड़े विकार तथा भावात्मक अस्थिरता की दशा सामने आ चुकी हैं। आज कोई जागरूक अभिभावक बच्चों को मोबाइल देने के पक्ष में नहीं है। किन्तु अब यह आसान नहीं रह गया है। सख्ती से मना करने पर बच्चे आत्मघाती कदम उठाने लगे हैं। कई किशोर माँ-बाप की हत्या तक कर चुके हैं। बच्चों के मन में हिंसा घर करती जा रही है।

उनका व्यवहार क्रूर और आक्रामक होने लगा है। बच्चों को आभासी दुनिया के चंगुल में फँसने से बचाया ही जाना चाहिए। किन्तु कैसे....? 'निम्हान्स' (बेंगलूरु) और 'सिम्बियोसिस' (पुणे) के शोधार्थियों के संयुक्त अध्ययन के अनुसार, हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि बच्चों को इस महामारी से बचाने के लिए हर जिले में इंटरनेट नशामुक्ति केंद्र (डी-एडिक्शन सेंटर) खुलना चाहिए। यहाँ न सिर्फ इंटरनेट, बल्कि सभी डिजिटल प्लेटफार्म को लेकर काउंसिलिंग, निगरानी और उपचार की सुविधा उपलब्ध हो। खुशहाल बचपन और शिक्षा के लिए इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

## नजरिया

# फनीश्वर नाथ रेणु : आंचलिक उपन्यास के सफल रचनाकार

ई. प्रभात किशोर
मोबाइल : 8544128428



**रेणुजी ने हिन्दी साहित्य में आंचलिक कथा की नींव डाली। उनकी कहानियों एवं उपन्यासों में आंचलिक जीवन के हर धुन, हर गंध, हर ताल, हर सुर, हर सुंदरता एवं हर भोलेपन को शब्दों में पिरोने की सफल कोशिश की गयी है। उनकी भाषा शैली में एक जादुई सा असर है जो पाठकों को अपने साथ बांधकर रखता है।**

आंचलिक उपन्यास के माध्यम से ग्रामीण भारत में घटित घटनाओं के सजीव चित्रण एवं क्षेत्रीय बोली को हिन्दी साहित्य की मुख्य धारा में लाने हेतु जिन रचनाकारों को याद किया जाता है उनमें फनीश्वर नाथ रेणु प्रमुख हैं। रेणु जी प्रेमचंद युग के उपरान्त आधुनिक हिन्दी साहित्य के सबसे सफल एवं प्रेरक रचनाकारों में गिने जाते हैं। सन 1954 में रचित मैला आंचल नामक उनके पहले उपन्यास को प्रेमचंद के गोदान के पश्चात सबसे प्रख्यात हिन्दी उपन्यास की ख्याति प्राप्त हुई और सन 1970 में उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

फनीश्वर नाथ रेणु का जन्म 4 मार्च 1921 को बिहार के तत्कालीन पूर्णिया जनपद (वर्तमान में अररिया जनपद) अंतर्गत औराही हिंगना ग्राम में एक निर्धन कुर्मी परिवार में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा फारबिसगंज एवं अररिया में पूरी करने के उपरान्त वे विराटनगर (नेपाल) चले गए, जहां कोईराला परिवार के साथ रह कर उन्होंने विराटनगर आदर्श विद्यालय से मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। सन 1942 मे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आईए की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। सन 1950 में उन्होने नेपाल में राजशाही के खिलाफ नेपाली क्रांतिकारी आंदोलन में भाग लिया, जिसके उपरान्त बाद के दिनों में वहां जनतंत्र की स्थापना हुई। 1952-53 में वे भीषण रूप से रोगग्रस्त हो गये जिसके उपरान्त लेखन विधा की ओर उनका झुकाव हुआ। उनके इस काल की झलक उनकी कहानी तबे एकला चलो रे में मिलती है।

रेणुजी ने हिन्दी साहित्य में आंचलिक कथा की नींव डाली। उनकी कहानियों एवं उपन्यासों में आंचलिक जीवन के हर धुन, हर गंध, हर ताल, हर सुर, हर सुंदरता एवं हर भोलेपन को शब्दों में पिरोने की सफल कोशिश की गयी है। उनकी भाषा शैली में एक जादुई सा असर है जो पाठकों को अपने साथ बांधकर रखता है। उनका साहित्य ग्रामीण विविधताओं को गहराई से पकड़ता है। वे एक उद्भुत किस्सागो थे और उनकी रचनाएं पढ़ते हुए ऐसा लगता है मानों कोई साक्षात कहानी सुना रहा हो। ग्राम्य जीवन के लोकगीतों का उन्होंने अपनी कथा साहित्य में बड़ा हीं सर्जनात्मक प्रयोग किया है। रेणुजी का लेखन प्रेमचंद की सामाजिक यथार्थवादी परम्परा को आगे बढ़ाता है और इस कारण उन्हें आजादी के बाद के प्रेमचंद की संज्ञा दी जाती है। उनकी लेखन शैली वर्णनात्मक होती थी जिसमें पात्र के प्रत्येक मनोवैज्ञानिक सोंच का विवरण लुभावने तरीके से किया होता था। रेणुजी को उनके उपन्यास मैला आंचल से हिन्दी साहित्य में अप्रीतम ख्याति मिली। इस उपन्यास के प्रकाशन ने उन्हें रातोंरात हिन्दी के एक मूर्धन्य कथाकार के रूप में प्रसिद्ध कर दिया।

रेणुजी के द्वारा जहां मैला आंचल (1954), परती परिकथा (1957), दीर्घतपा (1964), जुलूस (1966), कितने चैराहे (1966), कलंक मुक्ति (1972), पलटू बाबू रोड (1979), इस जल प्रलय में, जुलूस एवं जनाजा उपन्यासों की रचना गयी, वहीं एक ठुमरी (1959), अग्निखोर (1973), एक श्रावणी दोपहरी की धूप (1984) तथा अच्छे आदमी कथा संग्रह लिखे गए। उनके संस्मरणों में ऋण जल-धन जल, वन तुलसी की गंध, श्रुत अश्रुत पूर्वे, तोतापुर, समय की शिला पर, आत्म परिचय तथा रिपोर्ताज में नेपाली क्रान्ति कथा प्रसिद्ध हैं। उनकी प्रसिद्ध कहानियों में मारे गए गुलफान, एक आदिम रात्रि की महक, लाल पान की बेगम, पंचलाइट, तबे एकला चलो रे, रसप्रिया, ठेस, नैना जोगिन, संवदिया, पुरानी कहानी: नया पाठ, पहलवान की ढोलक, अक्ल और भैंस, अग्नि संचारक, अतिथि सत्कार, अथ बालकाण्डम, अभिनय, पार्टी का भूत, वंडरफूल स्टूडियो, विकट संकट, एक अकहानी का सुपात्र प्रमुख है।।

रेणुजी की कहानी मारे गए गुलफान पर सन 1966 में चर्चित फिल्म तीसरी कसम बनायी गयी जिसके निर्माता प्रसिद्ध गीतकार शैलेन्द्र एवं निदेशक बासु भट्टाचार्य थे। इस फिल्म में राजकपूर एवं वहीदा रहमान ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इसके लिए रेणु जी ने संवाद भी लिखे। यह फिल्म सिनेमा जगत में मील का पत्थर मानी जाती है , जिसमें हीरामन और हीराबाई की प्रेमकथा ने प्रेम का एक अद्भुत महाकाव्यात्मक पर दुखांत कसक से भरा आख्यान रचा और यह आज भी पाठकों एवं दर्शकों को आकर्षित करता है। सन 2017 में उनकी एक कहानी पंचलाइट पर आधारित एक लघु टी.वी. फिल्म ने ग्राम्य जीवन की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करती है। सन 1972 के बिहार विधान सभा चुनाव में रेणुजी सरकारी तंत्र में व्याप्त कुव्यवस्था के प्रतीकात्मक विरोध हेतु फारबिसगंज क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े हो गये।

उनके पक्ष में साहित्यकारों, लेखकों एवं बुद्धिजीवियों की टोली गांव-गांव घुमकर प्रचार में जुटी थी, जिस दौरान कह दो गांव-गांव में, अबकी इस चुनाव में, वोट देंगे नाव में का काव्यात्मक नारा काफी चर्चित हुआ था। सन 1974 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संचालित बिहार आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए आपातकाल के दौरान सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में पद्मश्री की उपाधि वापस कर दी। आंदोलन के दौरान वे अनेक बार पुलिस की लाठियों से लहुलुहान भी हुए। 11 अप्रैल 1977 को लम्बी बीमारी के उपरान्त यह साहित्य साधक अपने नश्वर शरीर का त्याग कर पंचतत्व में विलीन हो गया।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आसनसोल से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार पवन सिंह ने अपना नाम वापस लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/कोलकता/भाषा। भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी।

भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं। सिंह ने उन्हें उम्मीदवार घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह ''किसी कारणवश'' आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं।



पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

सिंह ने अपने इस फैसले का कारण नहीं बताया, लेकिन उन्हें उम्मीदवार घोषित किए जाने की तृणमूल कांग्रेस ने आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं और उनमें राज्य की महिलाओं सहित सभी महिलाओं को अश्लील तरीके से चित्रित किया गया है।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 'एक्स' पर सिंह की पोस्ट साझा की और कहा, पश्चिम बंगाल के लोगों का अदम्य जोश और शक्ति।

टीएमसी नेता शांतनु सेन ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला सशक्तीकरण की केवल बात करती है, लेकिन असल में वह महिला विरोधी है। उन्होंने कहा, वे महिला विरोधी एवं बंगाली विरोधी हैं और इसीलिए उन्होंने उन्हें (पवन सिंह को) उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लोगों के गुस्से का एहसास होने पर उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। आसनसोल में बड़ी संख्या में अन्य राज्यों से आए लोग रहते हैं और भाजपा को उम्मीद थी कि सिंह, सिन्हा के खिलाफ प्रभावी उम्मीदवार साबित होंगे। सिन्हा ने 2019 में भाजपा छोड़ दी थी।

भाजपा ने स्पष्ट रूप से विवाद को शांत करने के लिए ऐसे समय में सिंह को चुनाव मैदान से हटने के लिए राजी किया, जब पार्टी संदेशखालि विवाद को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साध रही है। संदेशखालि में कई महिलाओं ने निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। शेख और उसके कई साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## टीकाकरण



श्रीनगर में रविवार को टीकाकरण अभियान के दौरान एक स्वास्थ्यकर्मी एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप की खुराक पिलाता हुआ।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू किया

वाशिंगटन/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने पर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने और स्वयंसेवा करने का संकल्प लेते हुए अपना 2024 का प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है जिनमें से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी समेत 51 सीट उत्तर प्रदेश से हैं। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए' के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारत में लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए अप्रैल और मई 2024 के बीच आम चुनाव प्रस्तावित हैं। भारतीय-अमेरिकियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत विभिन्न भारतीय राज्यों में मामलों के उनके विश्लेषण पर प्रस्तुतियां दीं।

# चुनाव धांधली के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के चुनाव में कथित धांधली के विरोध में रैली कर रहे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थकों को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ शनिवार को समूचे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किए थे। ज्यादातर लोगों को लाहौर से गिरफ्तार किया गया है जहां नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई का आदेश दिया था।

पीटीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, लाहौर में पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं और नेताओं को पीटा और गिरफ्तार कर लिया। गुजरात शहर में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के 38 शहरों और संघीय राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

प्रवक्ता ने बताया कि मरयम नवाज़ और उनके चाचा शहबाज़ शरीफ के खिलाफ पिछले महीने चुनाव लड़ने वाले पीटीआई नेता मियां शहज़ाद फारूक और अफज़ाल अज़ीम फहट को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि फारूक ने मरयम को हरा दिया था लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नतीजे बदल दिए।

उच्चतम न्यायालय की बार के पूर्व सचिव आफताब बाजवा को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पीटीआई के झंडे दिखाने पर खान के समर्थकों को कारों से बाहर खींचने और पीटने के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं। पंजाब पुलिस ने कहा कि उन्होंने सड़क जाम करने वाले प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार और रविवार को देश में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवा भी बाधित रही। पीटीआई ने चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध को रोकने के लिए क्रूरतापूर्ण पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। पीटीआई मध्य पंजाब के महासचिव हम्माद अज़हर ने कहा, विवादास्पद और फर्जी मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ राज्य की मशीनरी का उपयोग करके फासीवाद किया है।

# रामायण की थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी में शीशे के पिरामिड में तैरते हनुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय राजधानी के राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में रामायण की थीम पर एक प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें भगवान हनुमान के जन्म और जीवन से जुड़ी अनेक कथाओं को शीशे के पिरामिड के भीतर 'एनीमेटेड होलोग्राम तस्वीरों' के जरिए दिखाया गया है।

गुरुग्राम की कलाकार और एनीमेशन फिल्म निर्माता ने 'हनुमान चालीसा' से प्रेरणा लेकर यह शिल्पकृति तैयार की है। 'हनुमान्स जर्नी: वर्सेस थ्रू विजन' उन लगभग 100 शिल्पकृति में से एक है जिसे यहां एनजीएमए में 'रामायणम चित्रकाव्यम' प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इसका उदघाटन शुक्रवार शाम को किया गया था। एनजीएमए ने बताया कि यहां प्रख्यात भारतीय आधुनिक, समकालीन और पारंपरिक



कलाकारों की पेंटिंग, वस्त्र, मूर्तियां, छाया और लकड़ी की कठपुतलियां, मुखौटे आदि कलात्मक कृतियों को प्रदर्शित किया गया है। होलोग्राम आधारित शिल्पकृति बनाने वाली कलाकार चारुवी अग्रवाल का कहना है कि उसकी इस कला के जरिए भगवान हनुमान की कहानी कही गई है ''लेकिन अधिक दृश्यात्मक तरीके से, तो आप वास्तव में कांच के बने पूरे पिरामिड के चारों ओर घूम सकते हैं और इसके अंदर कही जा रही कहानी को देख सकते हैं। यह लगभग ऐसा है जैसे कहानी कांच के अंदर ही कैद है। कलाकार अग्रवाल (40) ने 'पीटीआई-भाषा' कहा कि उन्हें इस शिल्पकला का विचार लघु एनीमेशन फिल्म 'हनुमान चालीसा' पर काम करते समय आया जो 2013 में बनाई गई थी।

# अनंत - राधिका की शादी से पहले फिल्मी सितारों की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जामनगर/भाषा। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के आयोजनों में दूसरे दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने अपनी प्रस्तुति दी। तीनों खान इस मौके पर फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर विजेता तेलुगू गीत 'नाटू नाटू' की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर शहर के



पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पेट्रोलियम रिफाइनरी के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में मंच पर उतरी। इस दौरान तीनों ने 'नाटू नाटू' के मशहूर हुक स्टेप पर थिरकने की कोशिश की, लेकिन जब सबकुछ योजना के अनुसार होता नहीं दिखा तो सलमान ने अपनी फिल्म 'मुझसे शादी करोगी' के मशहूर गीत 'जीने के हैं चार दिन' पर 'टॉवेल डांस' किया तथा आमिर और शाहरुख ने भी उनकी नकल करने की कोशिश की। इसके बाद आमिर ने अपने मशहूर गीतों 'मस्ती की पाठशाला' और 'छैया छैया' पर डांस किया और तीनों अभिनेता इनमें शामिल रहे। इसके बाद तीनों ने 'नाटू नाटू' के हिंदी संस्करण 'नाचो नाचो' पर भी प्रस्तुति दी। मंच पर, शाहरुख ने 'जय श्रीराम' का नारा भी लगाया। इस दौरान उन्होंने अंबानी परिवार की 'तीन देवियों' के तौर पर मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी, पूर्णिमा दलाल (नीता अंबानी की मां), और देवयानी खिमजी का परिचय कराया।

# फिल्मकार जोया अख्तर, ब्रिटिश भारतीय रसोइया अस्मा खान ने जीता 'इंडिया-यूके अचीवर्स' सम्मान

लंदन/भाषा। फिल्मकार जोया अख्तर और ब्रिटिश भारतीय रसोइया (शेफ) अस्मा खान लंदन में वार्षिक 'इंडिया-यूके अचीवर्स' सम्मान के विजेताओं में शामिल हैं। इस पुरस्कार के तहत भारतीय छात्रों की उपलब्धियों को मान्यता दी जाती है। भारत में ब्रिटिश काउंसिल और ब्रिटेन सरकार के व्यापार विभाग के साथ साझेदारी में नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) यूके द्वारा पिछले साल इस पहल की शुरुआत की गई थी।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कार्यक्रम के लिए एक संदेश में कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि दूसरे वर्ष, आप ब्रिटेन में विकसित असाधारण भारतीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'लक बाय चांस, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' और हाल में रिलीज 'द आर्चीज' जैसी हिट फिल्म देने वाली फिल्मकार अख्तर को 'लिविंग लीजेंड' पुरस्कार प्रदान किया गया।




# वेबसीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं।

इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा।टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है।

रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी



बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म के गीत संगीत भी भक्तिमय हैं। कथा और संवाद भी रोचक हैं। फिल्म पूरी तरह से मनोरंजन और अध्यात्म का समागम है। इसलिए मैं आग्रह करुंगी कि फिल्म को आप सभी जरूर देखें।

वहीं, फिल्म के निर्माता अंशुमान सिंह ने भी फिल्म को लेकर भोजपुरी के दर्शकों से इसे देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि फिल्म को हम जल्द ही रिलीज करेंगे। फ़िल्म जय वट सावित्री मैय्या में प्रीति शुक्ला, शुभी शर्मा, अंजना सिंह, मणि भट्टाचार्य, रक्षा गुप्ता, अंशुमन सिंह राजपूत, प्रकाश जैश, संजय पांडेय, मनोज टाइगर, अनूप अरोरा, देवेन्द्र पाठक, सोनिया मिश्रा, अनीता रावत, स्वास्तिका मिश्रा और अन्य मुख्य भूमिका में हैं।संगीतकार साजन मिश्रा और गीतकार प्यारेलाल कवि, सुरेंद्र मिश्रा एवं शेखर मधुर हैं। लेखक सुरेंद्र मिश्रा एवं विवेक मिश्रा हैं। छायांकन माही शेलार और संकलन: गुर्जंट सिंह का है।



# फिल्म 'हम नहीं सुधरेंगे' की शूटिंग पूरी

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है ।

फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

# दिल्ली आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है आकांशा रंजन कपूर

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिये दूसरा घर है और वह यहां आने के लिये हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढ़ेर सारे उत्साही प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर,



आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

# जीवन की महत्वपूर्ण पारी की शुरूआत कर रही हैं अभिनेत्री वरलक्ष्मी

मुंबई/एजेन्सी

साउथ इंडियन सिनेमा की टॉप एक्ट्रेस में से एक वरलक्ष्मी सरथकुमार ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब वरलक्ष्मी जीवन की नई पारी शुरू करने को तैयार हैं। शनिवार (2 मार्च) को वरलक्ष्मी ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में दोस्त निकोलाई सचदेव के साथ सगाई कर ली। वरलक्ष्मी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर फैंस के साथ सगाई की तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीरों में कपल परिवारों के साथ सगाई का जश्न मनाता दिख रहा है। वरलक्ष्मी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, सगाई...हंसी-मजाक और हमेशा खुश रहने का वादा। वरलक्ष्मी रेशम की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं, जबकि निकोलाई ने सफेद कुर्ता पहना था। वरलक्ष्मी की मां राधिका सरथकुमार ने भी एक्स पर सगाई की तस्वीरों को शेयर किया। उन्होंने लिखा, वरलक्ष्मी और निकलोई को ढेर सारी खुशियां मिले।

उन्होंने परिवार और दोस्तों के बीच मुंबई में सगाई की है। उन्हें आशीर्वाद मिले। हम सभी उनके लिए बहुत खुश हैं। वरलक्ष्मी के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो वह इस साल 'रायन' में नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर धनुष हैं, जो लीड एक्टर की भूमिका भी निभाएंगे। वरलक्ष्मी इस साल रिलीज हुई तेजा सज्जा स्टारर सुपरहिट फिल्म 'हनुमान' में दिखी थीं।



## पैसा वसूल फिल्म है 'योद्धा' : राशि खन्ना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है।फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है।फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी।मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

भारत के दक्षिणी राज्यों के निरंकारी संत समागम की शुरुआत के अवसर पर आयोजित सत्संग कार्यक्रम में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी ने अपने प्रवचन 'सुकून - अंतर्मन का' में कहा कि जब जीवन में ईश्वर की अनुभूति हो जाती है तो आत्मा और परमात्मा का मिलन स्थापित हो जाता है और मानव जीवन में शांति का संचार हो जाता है।

## क्रीडा उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के रानी अब्बाका प्रतिष्ठान द्वारा र महालक्ष्मी लेआउट में रानी अब्बाका क्रीडा उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक गोपालैया, समाजसेवी महेंद्र मुणोत, पूर्व विधायक नरेंद्र बाबू, राष्ट्रीय खिलाड़ी अश्विनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में थ्रो बॉल, लगोरी ,रस्सी खींच, खो खो एवं अन्य स्पर्धाएं आयोजित की गई। संस्था के राजेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम, सुंदर राज, अजीत हेगडे, कांति शेट्टी, डॉक्टर बलाल एवं नवीन हेगड़े ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया एवं अतिथियों को सम्मानित किया।



# धर्म की शरण में हर व्यक्ति का कल्याण निहित है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी में ने घेवरचंद राजेशकुमार कोठारी के निवास पर हुए प्रवचन में कहा कि धर्म व्यक्ति को सही मार्ग पर अग्रसर करता है। डाकू अर्जुनमाली जैसे खतरनाक व्यक्ति भी धर्म की शरण में आकर मोक्ष को प्राप्त हुए। जिनशासन के इतिहास में उनकी उज्ज्वल गौरवगाथा राजहंस की तरह दृष्टिगोचर हो रही है। यदि व्यक्ति धर्म की राह पर चलना चाहता है तो कोई भी उसका बुरा नहीं कर सकता क्योंकि धर्म हमेशा अच्छे व्यक्ति की रक्षा स्वयं करता है।



# मन की शांति केवल ईश्वर में विश्वास से ही संभव : निरंकारी सतगुरु सुदीक्षा

## 'सुकून-अंतर्मन का' सत्संग कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। भारत के दक्षिणी राज्यों के निरंकारी संत समागम की शुरुआत के अवसर पर आयोजित सत्संग कार्यक्रम में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी ने अपने प्रवचन 'सुकून – अंतर्मन का' में कहा कि जब जीवन में ईश्वर की अनुभूति हो जाती है तो आत्मा और परमात्मा का मिलन स्थापित हो जाता है और मानव जीवन में शांति का संचार हो जाता है। यदि मन में ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास है तो विपरीत परिस्थितियाँ भी भक्त को नहीं डरातीं। ईश्वर पर विश्वास शांति–सुकून देता है और इसलिए भक्त आनंद की स्थिति में रहता है। ईश्वरीय ज्ञान व्यक्ति को इस ईश्वर से जोड़े रखता है जिससे मन में स्थिरता आती है। ईश्वर से जुड़कर ही व्यक्ति को परम शांति की प्राप्ति होती है। सतगुरुमाता के प्रवचन से पहले निरंकारी राजपिताजी ने अपने दिव्य विचारों से भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा, दिव्य ज्ञान के माध्यम से ही व्यक्ति सर्वोच्च शक्ति से जुड़ता है और प्रेम और करुणा स्थापित करता है। ईश्वर के साथ यह संबंध प्रत्येक मानवीय क्रिया में प्रेम को दर्शाता है। जब अज्ञान का पर्दा हट जाता है तो विभिन्न भौतिकवादी कारकों का भेदभाव कोई मायने नहीं रखता। परम सत्य की प्राप्ति से भ्रम की दीवारें भी नष्ट हो जाती हैं। समागम स्थल पर दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के भक्तों द्वारा सांस्कृतिक नृत्यों और गीतों के साथ एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रामित उपस्थित थे। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल के कई अन्य भक्तों ने गीतों, कविताओं और भाषणों के माध्यम से समागम के विषय – 'सुकून – अंतर्मन का' पर अपने विचार व्यक्त किए।



# आईवीएफ ने आयोजित की 'साइबर अपराध व उससे बचाव' विषयक कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन(आईवीएफ) कर्नाटक द्वारा 'आज की परिस्थितियों में साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्ष आरपी रविशंकर ने उपस्थित सदस्यों और मुख्य वक्ता का स्वागत किया। सहमंत्री ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन्टरनेट के दुरुपयोग व साइबर अपराधों से बचने के बारे में समाज में जागरूकता का माहौल पैदा करना था। सेमिनार में पूर्व पुलिस अधिकारी व टेककॉन प्रो कम्पनी के संस्थापक संजय सहाय ने बताया कि आज अनेक व्यक्ति कहीं ना कहीं साइबर अपराध के चंगुल में फंस रहे है, उन्होंने इसके रोकथाम हेतु और इससे बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम के संयोजक–संचालक व कोषाध्यक्ष नीरज बंसल ने कहा कि आईवीएफ द्वारा आगे भी इसी तरह के जन जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य वक्ता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बिपिनराम अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष बाबूभाई मेहता, उपाध्यक्ष रजत गुप्ता, पीसी बालराज, महामंत्री शबरीश, पश्चिम बंगाल के मंत्री प्रदीप लुहारीवाला, महिला विंग अध्यक्षा रितु अग्रवाल, यूथ विंग मंत्री मितेश खंडेलवाल, अनुपम अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल, विनित सरावगी के साथ अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# युवक संघ ने पशु चिकित्सा सहयोगार्थ सौंपी राशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में जैन युवक संघ अलसूर ने रविवार को यलहंका स्थित फ्रेंड्स फॉर एनिमल ट्रस्ट के संचालक विकास बाफना को आवारा पशुओं की चिकित्सा के लिए आवश्यक शल्य चिकित्सा कक्ष निर्माण हेतु सहयोग राशि प्रदान की। युवक संघ के अध्यक्ष नंदू कोठारी ने बताया कि ट्रस्ट आवारा पशुओं के साथ साथ दुर्घटना में घायल पशु, कैंसर आदि से रोग ग्रस्त पालतु एवं आवारा पशुओं आदि की देखभाल सेवा व चिकित्सा करता है। इस मौके पर मंत्री गौतम बांठिय, उपाध्यक्ष दर्शन छाजेड, विशाल बोहरा आदि उपस्थित थे ।



# चम्पालाल बने महावीर क्रेडिट सोसाइटी के अध्यक्ष

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक सरकार ने शहर की महावीर क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के लिए वर्ष 2024–29 के नए पदाधिकारियों का चयन किया जिसमें चम्पालाल भंडारी को अध्यक्ष, राजकीर्ति को उपाध्यक्ष व जिवेन्द्रकुमार को कोषाध्यक्ष के अलावा अनेक निदेशक नियुक्त किया है।



# यशवंतपुर तेरापंथ ज्ञानशाला ने मनाया वार्षिकोत्सव

## बच्चों ने प्रस्तुत किए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यशवंतपुर तेरापंथ सभा के तत्वावधान में साध्वीश्री लावण्यश्री, सिद्धांतश्री, दर्शितप्रभा के सान्निध्य में यशवंतपुर ज्ञानशाला का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर साध्वीश्री लावण्यश्री ने कहा कि ज्ञानशाला में ज्ञानार्थी का सिर्फ आध्यात्मिक विकास ही नहीं बल्कि संपूर्ण विकास होता है। भावी पीढी के संस्कार दृढ होते है। साध्वीश्री सिद्धांतश्री ने ज्ञानशाला ज्ञानार्थी के दिल में बसे गीत के संगान से प्रेरित किया।

सभाध्यक्ष गौतम मुथा ने सभी का स्वागत करते हुए प्रधान प्रशिक्षक डालम नौलखा, महेन्द्र दक का सम्मान किया। डालम नौलखा ने कहा कि जिस ज्ञानशाला का सुंदर रुप देख रहे है इसमें प्रशिक्षक सदस्याओं का विशेष योगदान रहता है। समय समय पर समाज को इनका उत्साह बढाना चाहिए। ज्ञानशाला और उपासक श्रेणी नींव के स्तर पर कार्य करती है। क्षेत्रीय संयोजिका नीता गादिया ने कहा कि ज्ञानशाला में प्रशिक्षण के नये नये आयाम जुड रहे है। विभिन प्रतियोगिता का आयोजन समय समय पर होता रहता है। उपासक महेन्द्र दक ने उपासक श्रेणी का परिचय व गतिविधि की जानकारी दी। उपासिका अंजू बैद, अरविंद मांडोत ने भी ज्ञानशाला के प्रति विचार व्यक्त किए। स्थानीय संयोजिका मीना दक ने ज्ञानशाला की विस्तृत जानकारी दी। ज्ञानार्थियों के लिए विविध वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 25 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानी,आध्यात्मिक गुरु,सोलह सतियों के रुप में प्रस्तुति दी।

महिला मंडल की सहमंत्री वनिता बोलिया ने भी अपने विचार रखे। सभा मंत्री महावीर ओस्तवाल ने 50 बच्चो को गिफ्ट्स दिए। शिशु संस्कार भाग परीक्षा में प्रथम तीन बच्चों को विनोद मुथा, जोन संयोजिका लता गांधी, चेतना वेदमुथा, भंवर बोलिया,प्रकाश बाबेल द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन टीना पितलिया, आशा पितलिया, प्रियंका पोखरना द्वारा किया गया। सभी अतिथि एवं साधवीश्रीजी के प्रति कृतज्ञता प्रशिक्षक लाडली मुथा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज का हर परिवार अपने बच्चों को ज्ञानशाला से जोडकर रखे जिससे भविष्य सुदृढ सशक्त व नैतिक समाज का निर्माण होगा। इस मौके पर वैरागी रुचिका कोचर ने कहा कि हमारे समक्ष आगे बढने के जो अवसर आते है उन्हें नहीं खोना चाहिए।



# महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई सभा संस्थाओं की बैठक

## स्मृति चिन्ह का किया गया विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भगवान महावीर का 2623वां जन्मकल्याणक महोत्सव आयोजन की तैयारियों हेतु जैन युवा संगठन द्वारा बीबीयूएल विद्यालय में जैन समाज की संघ संस्थाओ के कार्य विकेन्द्रीकरण बैठक का आयोजन किया जिसमें संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा ने गांधीनगर तेरापंथ सभा के मंत्री गौतम मांडोत, कर्नाटक जैन कांफ्रेंस के अध्यक्ष पुखराज मेहता, दिगंबर जैन समाज से नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक सेठी, वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी परिवार राकेश हिमांशु पुनमिया व सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश धोखा का स्वागत किया। अशोक सेठी ने संगठन व सेवा ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। पुखराज मेहता ने आयोजन के इस वर्ष के स्मृति चिन्ह के बारे में बताते हुए कहा कि जैन समाज हमेशा मानवसेवा के कार्यो में अग्रणी रहता है। गौतम मांडोत ने संगठन के कार्यों की सराहना की साथ ही संगठन को जन्म कल्याणक महोत्सव मे सम्पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया

संगठन के मंत्री मदन मुणोत ने संगठन के कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा 2623वें जन्म कल्याणक, सामूहिक सामयिक दिवस के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए 17 समितियों व समितियों के चेयरमैन एवं सह चेयरमैन की नियुक्ति की गई। मुणोत ने बताया कि समाज के सभी परिवारों को महोत्सव में सहभागिता का अवसर मिले इस उद्देश्य से प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी संगठन ने 1000 रुपए का दानदाता पत्र तैयार किया है। गौतमप्रसादी के लाभार्थी इंट्रालाइफ कम्पनी के राकेश हिमांशु पुनामिया ने गौतम प्रसादी के लाभ देने के लिए संगठन के प्रति आभार प्रकट किया। सेवा ट्रस्ट के सुरेश धोखा ने बताया कि ट्रस्ट के अंतर्गत सहधर्मियों के लिए जीवन संजीवनी, जीवनशिक्षा, जीवन रक्षा जैसे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। स्मृति चिन्ह चेयरमैन प्रितेश मुणोत ने जैन समाज मे एकता के उद्देश्य से इस वर्ष 'हम जैन है,' स्मृति चिन्ह जिसके साथ दीपक भी लगा हुआ है की जानकारी दी । संघ संस्था के चेयरमैन मनीष चावत ने बताया की आयोजन में करीब 300 से अधिक जैन संघ संस्थाओं से संपर्क किया गया है। जन्मकल्याणक दिवस पर सायंकालीन भक्ति संध्या के चेयरमैन अमित सिंघवी ने 'भगवान ऋषभदेव से महावीर तक' सायंकालीन कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। इस मौके पर बाबूलाल मेहता, ज्ञानोदय दिगम्बर ट्रस्ट के राकेश बराया, हेमन्त बोहरा आदि ने अपने सुझाव रखे। संगठन के सहमंत्री विशाल गुगलिया ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन में दिनेश खिंवेसरा व सुश्रुत चेलावत ने किया।



# शिवाजीनगर में दुर्गा चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ

## सत्कर्मों से ही मानव का कल्याण हो सकता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा ने शिवाजीनगर एक मंदिर में योगीराज शक्तिपुत्रजी के निर्देशन में मां जगदंबे की आरती की जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला–पुरुष भक्त उपस्थित हुए। संगठन की मंत्री सुमन यादव ने बताया कि इस मौके पर मानवता के कल्याण के लिए शक्तिपुत्रजी महाराज ने निशुल्क शक्ति जल प्रदान किया है, जिसके उपयोग से नशा व मांसाहार से मुक्त होने की शक्ति प्राप्त होती है। संस्था के सचिव लवकेश सिंह ने कहा कि आज पूजा पाठ सब लोग करते हैं परन्तु अपने कर्म में परिवर्तन नहीं लाते हैं, जब तक हम नशा करेंगे, किसी जीव की हिंसा करेंगे तो माता का आशीर्वाद प्राप्त नहीं हो सकता है। जब हर घर से मां का आवाहन होगा तभी हमारे बच्चों को संस्कार प्राप्त होंगे और जब तक हमारे बच्चे संस्कारवान नहीं होंगे अवगुणों से मुक्त नहीं होंगे। ज्ञातव्य है कि संगठन द्वारा निशुल्क 5 घंटे व 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा पाठ निशुल्क करवाया जाता है जिसका प्रभाव है कि आज लोग नशे मांस से मुक्त चरित्रवान हो रहे हैं। कार्यक्रम में मनोहरलाल शर्मा, शनि सुमन, दीपककुमार, रामप्रसाद, राधेश्याम, रानी पांडे, देव शिवानी ठाकुर, पूजा कुशवाहा, प्रकाश शर्मा, अनीता ठाकुर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



# अर्हम मित्र मंडल के निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 101 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच और चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उदघाटन अर्हम मित्र मंडल के अध्यक्ष बहादुर सेठिया ने किया। सेठिया ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि मंडल समाज के सहयोग से निरंतर इस तरह के मानव सेवा के उपक्रम में तत्पर रहेगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रकाश छाजेड एवं उनकी टीम द्वारा जरुरतमंद लोगों का मंडल के सहयोग से नेत्र जांच, दवाई एवं चश्मे वितरित किए गए। शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क शल्य चिकित्सा भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक पन्नालाल लुणिया ने दिव्य दृष्टि टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उम्मेद नाहटा, संजय पटावरी, कोषाध्यक्ष संजय सिंघी, मांगीलाल पारख, बाबूलाल बोथरा, राकेश दुधोडिया,श्रेयांस गोलेछा, विकास बांठिया, कमलेश चोपड़ा आदि उपस्थित थे। मंत्री विनोद पारख ने बताया कि इस शिविर में लगभग 101 लोगों ने आंखों की जांच कराई।

# मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है : योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर (उप्र) तीन मार्च (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अच्छी सरकार की प्राथमिकता सभी की सेवा करना है और लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार विकास और गरीबों के कल्याण दोनों पर ध्यान केंद्रित करती है, सुरक्षा, आजीविका और आस्था के सम्मान में समृद्धि सुनिश्चित करती है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करने के बाद कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर–माथे पर बैठाकर सेवा करती है।

भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा, जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर–माथे पर बैठाकर सेवा करती है।

बयान में कहा गया है कि 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# प्रधानमंत्री ने भाजपा के 'राष्ट्र निर्माण के लिए दान' अभियान के लिए दो हजार रुपए का योगदान किया

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के 'राष्ट्र निर्माण के लिए दान' अभियान को लेकर रविवार को 2,000 रुपए का योगदान दिया। उन्होंने पार्टी कोष में 2,000 रुपए का योगदान दिया और लोगों से राष्ट्र निर्माण के लिए दान अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, मुझे भाजपा के अभियान में योगदान करने और एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत बनाने को लेकर खुशी हो रही है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com